संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -195 गुरुवार,18 मई 2023,पृष्ठ - 8+4 मूल्य 2 रूपये

## पहले ढाई साल का कार्यकाल मुझे दें,डिप्टी सीएम पद मंजूर नहीं

**डिप्टी सीएम पद के लिए डीके शिवकुमार ने साफ मना कर दिया है.अब कांग्रेस आलाकमान आपस में मिलेंगे और उसके बाद ही नए सीएम के नाम का ऐलान होगा...**

### » आलाकमान को शिवकुमार की दो टूक

**बंगलौर,17मई 2023(ए)।** कर्नाटक का सियासी नाटक अभी थमने का नाम नहीं ले रहा है. पार्टी आलाकमान अभी सीएम पद को लेकर फैसला नहीं ले पाया है. सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार दोनों ही दिग्गज नेता हैं और मुख्यमंत्री पद पर दावा ठोंक रहे हैं. इस बीच आलाकमान के लिए किसी एक को चुनना बहुत मुश्किल फैसला हो रहा है. सूत्रों का कहना है डीके शिवकुमार भी मुख्यमंत्री पद को लेकर अड़े हुए हैं.



इस बीच पार्टी में ढाई-ढाई साल के फॉर्मूले पर भी चर्चा हुई. इस पर भी डीके शिवकुमार ने शर्त जाहिर कर दी है. सूत्रों की मानें तो डीके शिवकुमार का कहना है कि अगर यह एक साझा समझौता है तो भी पहले ढाई साल का कार्यकाल मुझे दिया जाए जबकि दूसरा सिद्धारमैया को. डीके शिवकुमार का कहना है कि डीके शिवकुमार का कहना है कि मुझे पहला कार्यकाल दिया जाए या फिर मुझे कुछ नहीं चाहिए. मैं उस स्थिति में भी चुप रहूंगा.

**सिद्धा के साथ काम नहीं करूंगा**

सूत्रों के मुताबिक, शिवकुमार दावा कर रहे हैं कि करीब 25 साल के बाद वोक्कालिगा और लिंगायत समुदायों ने उनकी वजह से कांग्रेस को वोट दिया है और अगर उन्हें सीएम नहीं बनाया गया तो पार्टी उनका समर्थन खो देगी. उन्होंने उप मुख्यमंत्री का पद स्वीकार करने और सिद्धारमैया के साथ काम करने से इनकार कर दिया.

शिवकुमार ने खड़गे से कहा कि इसके बजाय वह विधायक बने रहेंगे और पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल नहीं होंगे. उन्होंने यह भी कहा कि अगर खड़गे खुद मुख्यमंत्री बनते हैं, तो वह उन्हें पूरा समर्थन देंगे.

**ढाई साल के फॉर्मूले पर ये बोले डीके**

हालांकि, पार्टी ने ढाई-ढाई साल के फॉर्मूले पर भी चर्चा की है. लेकिन इस पर भी डीके ने शर्त रख दी है. डीके ने कहा है कि इस फॉर्मूले में शुरुआती ढाई साल उनको सरकार चलाने दी जाए और बाकी अवधि में सिद्धारमैया शासन संभालें. उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि या तो मुझे शुरुआती कार्यकाल दिया जाए या फिर उनको कुछ भी नहीं चाहिए. उस स्थिति में भी मैं खामोश रहूंगा.



दूसरी ओर, सिद्धारमैया शिवकुमार के खिलाफ आपराधिक मामलों का हवाला दे रहे हैं और तर्क दे रहे हैं कि अगर शिवकुमार को मुख्यमंत्री बनाया जाता है, तो बीजेपी इसका इस्तेमाल राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस पर हमला करने के लिए करेगी.

**सिद्धारमैया ने दी ये दलीलें**

सिद्धारमैया ने कहा कि अहिंडा वोट बैंक ने कांग्रेस की जीत में योगदान दिया है और वह उनके नेता हैं सूत्रों के मुताबिक, उन्होंने कहा कि अगर उन्हें मुख्यमंत्री नहीं बनाया गया, तो कांग्रेस अगले साल लोकसभा चुनाव हार जाएगी. शिवकुमार ने खड़गे से कहा है कि दलित और अल्पसंख्यक वोट हमेशा कांग्रेस के पास थे और सिद्धारमैया उन्हें अपना नहीं बना सकते. अब दोनों के दावों पर हाईकमान विचार कर रहा है. सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस आलाकमान चाहता है कि डीके शिवकुमार या फिर सिद्धारमैया अकेले शपथ न लें. चूंकि यह सामूहिक नेतृत्व है इसलिए 8-10 मंत्री भी शपथ लें. वहीं कर्नाटक में सियासी गेम कुछ दिन और चलेगा. इसके संकेत कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला ने दे दिये हैं उन्होंने कहा कि अभी सीएम को लेकर कोई फैसला नहीं हो पाया है. अगले 48-72 घंटे में कर्नाटक में नया कैबिनेट होगा. दूसरी ओर दिल्ली में डीके शिवकुमार ने अपने समर्थकों के साथ बैठक की है, जिसकी तस्वीरें वायरल हो रही हैं.

## ड्रग तस्करी और आतंकवाद के खिलाफ एनआईए का बड़ा एक्शन

### » पंजाब-हरियाणा सहित 6 राज्यों में छापे

**नई दिल्ली,17 मई2023 (ए)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) आतंकवाद, नशीले पदार्थों की तस्करी और गैंगस्टर गठजोड़-खालिस्तानी टेरर नेटवर्क से जुड़े मामलों में 6 राज्यों में तलाशी अभियान चलाया है। इन छह राज्यों में हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, यूपी, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश के 122 स्थान शामिल है। बताया जा रहा है कि एनआईए ने ये छापेमारी लॉरेंस बिश्नोई, गोल्डी बराड़, नीरज बवाना समेत दर्जन भर गैंगस्टर्स के करीबियों पर की गई है।

**इन राज्यों में की गई छापेमारी**

**दिल्ली -एनसीआर:** 32 जगह एनआईए की रेड जारी है।

**पंजाब-चंडीगढ़ :** 65 जगह पर छापेमारी की गई है। उत्तर प्रदेश में प्रतापगढ़, बरेली और लखीमपुर में छापे मारे गए हैं।




**राजस्थान :** 18 जगह पर एनआईए ने रेड डाली है।

**मध्य प्रदेश :** 2 जगह एनआईए छापेमारी कर रही है।

एनआईए गैंगस्टर्स और खालिस्तानी नेटवर्क पर दर्ज 5 केस में ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही है। बताया जा रहा है कि विदेशों में बैठे गैंगस्टर टेरर फंडिंग करके दहशत फैलाने की फिराक में हैं। पिछले दिनों में 14 देशों में बैठे 28 गैंगस्टरों की लिस्ट एनआईए ने एमएचए को सौंपी थी। एमएचए की हरी झंडी मिलने के बाद एनआईए ने विदेशों में बैठे गैंगस्टरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी। सूत्रों के मुताबिक आने वाले दिनों में दूसरे गैंगस्टरों पर भी एनआईए बड़ा एक्शन ले सकती है। सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के अहम किरदार गोल्डी बराड़ और लॉरेंस बिश्नोई गैंग के सदस्य मुख्यतौर पर एनआईए के निशाने पर हैं।

## सत्यपाल मलिक के मीडिया सलाहकार के घर सीबीआई की छापेमारी

### » जम्मू-कश्मीर बीमा घोटाले में एक्शन

**जम्मू ,17 मई2023(ए)।** जांच एजेंसी सीबीआई ने जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल के करीबियों के घर छापा मारा है। छापेमारी की ये कार्रवाई जम्मू-कश्मीर बीमा स्कीम घोटाले में की गई है। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी है। अधिकारियों ने बताया कि जिस व्यक्ति के ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है, वह सत्यपाल मलिक के गवर्नर रहते उनका सहयोगी था। सीबीआई की ये कार्रवाई इंश्योरेंस स्कैम केस में हो रही है। सूत्रों ने बताया है कि सत्यपाल मलिक के सहयोगी के दिल्ली और जम्मू-कश्मीर समेत 9 ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। दरअसल, इसस पहले अप्रैल में सत्यपाल मलिक के खिलाफ सीबीआई ने नोटिस जारी किया था। सीबीआई ने अपने नोटिस में कहा था कि वह जम्मू-कश्मीर में हुए इंश्योरेंस स्कैम को लेकर सवाल मलिक से कुछ सवालों के जवाब जानना चाहती है। नोटिस को लेकर सत्यपाल मलिक की तरफ से बयान भी जारी किया गया था। उन्होंने कहा था कि ऐसा लगता है कि जांच एजेंसी किसी तरह का कोई स्पष्टीकरण चाहती है। उनका कहना था कि सीबीआई को उन केस में जवाब चाहिए, जिसकी रिपोर्ट उन्होंने खुद दी थी।






पिछले साल भी इस कथित घोटाले को लेकर सत्यपाल मलिक से सवाल-जवाब किए थे। पिछले साल ही अप्रैल के महीने में सत्यपाल मलिक द्वारा लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर दो एफआईआर दर्ज की थी। सत्यपाल मलिक द्वारा लगाए गए आरोप सरकारी कर्मचारियों और लोगों के लिए एक मेडिकल इंश्योरेंस स्कैम के ठेके से जुड़े हुए थे। ये पूरा स्कैम 2,200 करोड़ रुपये का था। इसके अलावा उन्होंने जम्मू-कश्मीर में किरू पनबिजली परियोजना में भी भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था। सीबीआई अब इसी मामले में छापेमारी कर रही है।

## हत्या के प्रयास के मामले में मुख्तार अंसारी बरी

### एमपी एमएलए कोर्ट ने सुनाया फैसला

**गाजीपुर,17 मई2023(ए)।** गाजीपुर की सांसद/विधायक अदालत ने बुधवार को गैंगस्टर से नेता बने मुख्तार अंसारी को हत्या के प्रयास के एक मामले में बरी कर दिया। यह मामला 2009 का है। मीर हसन ने सोनू यादव के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कराया था और पांच बार के विधायक मुख्तार अंसारी को साजिशकर्ता के रूप में नामित किया था।उस समय अंसारी पहले से ही जेल में बंद था। मुख्य आरोपी सोनू यादव को भी बरी कर दिया गया है। हालांकि, इस मामले में बरी होने के बावजूद मुख्तार जेल में ही रहेगा, क्योंकि उसके खिलाफ कई अन्य मामले लंबित हैं।



## मतलब चुने हुए निकाय को कभी भी अस्थिर कर सकते हैं एलजी

**नई दिल्ली ,17 मई2023(ए)।** दिल्ली नगर निगम में एल्डरमैन के नामांकन के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट ने उपराज्यपाल के अधिकारों पर बहुत ही सख्त टिप्पणी की है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि एमसीडी में एल्डरमैन को नामांकित करने का अधिकार देने का मतलब है कि वह चुने हुए नगर निकाय को कभी भी अस्थिर कर सकते हैं। एल्डरमैन का नामांकन, एलजी के अधिकारों पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस जेबी पारदीवाला की बेंच ने इसपर भी हैरानी जताई है कि क्या यह नामांकन केंद्र के लिए इतने महत्वपूर्ण थे। सुप्रीम कोर्ट ने ऐसी कड़ी टिप्पणियां एल्डरमैन को नामांकित करने के उपराज्यपाल के अधिकारों को चुनौती देने वाली दिल्ली सरकार की याचिका पर सुनावाई के दौरान की है। सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा वैसे सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले मे अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। दिल्ली नगर निगम में 250 चुने हुए पार्षद और 10 नामंकित सदस्य होते हैं। पिछले साल दिसंबर में एमसीडी चुनाव में आम आदमी पार्टी ने 134 सीटें जीतकर बीजेपी को इसकी 15 साल की सत्ता से बेदखल कर दिया था।





## सुप्रीम कोर्ट ने अदानी-हिंडनबर्ग जांच पर सेबी को 14 अगस्त तक रिपोर्ट सौंपने को कहा

**नई दिल्ली ,17 मई2023(ए)।** सर्वोच्च न्यायालय ने बुधवार को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से अदानी-हिंडनबर्ग विवाद की जांच पर 14 अगस्त को एक अद्यतन स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ ने सेबी का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि अदालत सितंबर तक समय दे सकती है, लेकिन 14 अगस्त को हमें बताएं, आप किस चरण में हैं, हमें एक अद्यतन रिपोर्ट दें।

मेहता ने तर्क दिया कि सेबी को अपनी रिपोर्ट पूरी करने के लिए छह महीने का विस्तार पहले ही सीमित कर दिया गया है। बेंच में शामिल जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा और जे.बी. पारदीवाला ने मेहता से कहा, हमें बताएं कि आपने क्या किया है और अदालत ने शुरू में दो महीने का समय दिया था और अब इसे अगस्त तक बढ़ा दिया है। शीर्ष अदालत ने जोर देकर कहा कि वह जांच पूरी करने के लिए अनिश्चितकालीन विस्तार नहीं दे सकती।





अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने प्रस्तुत किया कि हाल के वर्षों में और कई शिकायतों के बावजूद, सेबी ने कुछ नहीं किया। बाजार नियामक ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि 2016 से अदानी समूह पर लगे आरोपों की जांच तथ्यात्मक रूप से निराधार है। सेबी ने यह आगाह किया कि रिकॉर्ड पर पूरे तथ्य सामग्री के बिना मामले का कोई भी गलत या समय से पहले निष्कर्ष न्याय के उद्देश्य की पूर्ति नहीं करेगा और कानूनी रूप से अस्थिर होगा।

## धीरेंद्र शास्त्री के पटना में लगे पोस्टर पर कालिख और विवादित शब्द

**पटना,17 मई 2023 (ए)।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के पटना दौरे को लेकर जारी सियासत थमने का नाम नहीं ले रहा है। राजद जहां शास्त्री के विरोध में खड़ी नजर आ रही है, वहीं भाजपा के नेता उनकी कथा में शामिल होकर उनके समर्थन में उतर गए हैं। भाजपा के नेता उनकी दरबार में हाजिरी लगा चुके हैं। इस बीच, पटना में लगे उनके पोस्टर पर कालिख पोतने और विवादित शब्द लिखे जाने की घटना सामने आई है।

पटना के डाक बंगला चौराहा सहित कई इलाकों में धीरेंद्र शास्त्री के पटना आगमन को लेकर उनके स्वागत में पोस्टर चस्पा किए गए हैं। मंगलवार की देर रात इनमें से कई पोस्टरों में उनके चेहरे पर कालिख पोत दी गई हैं। पोस्टरों पर 420 और चोर लिखा गया है। सूत्र के मुताबिक यह काम रात के अंधेरे में असामाजिक तत्वों द्वारा किया गया है। अब इस घटना का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें एक शख्स स्प्रे प्रेंट से बाबा के पोस्टर पर कालिख पोतता नजर आ रहा है।



इससे पहले भी धीरेंद्र शास्त्री के पोस्टर्स फाड़ने की घटना घटी थी। उल्लेखनीय है कि बागेश्वर धाम सरकार धीरेंद्र शास्त्री इन दिनों पटना में हैं। नौबतपुर इलाके में उनकी हनुमंत कथा चल रही है, जिसे सुनने के लिए प्रतिदिन लाखों लोग जुट रहे हैं। बुधवार को कथा का अंतिम दिन है।

## सौरव गांगुली को दी जाएगी जेड श्रेणी की सुरक्षा

**कोलकाता ,17 मई 2023 (ए)।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एवं बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष सौरव गांगुली की सुरक्षा बढ़ाने का फैसला किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। गांगुली को पहले वाई श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई थी जिसे बढ़ा कर अब जेड श्रेणी में करने का फैसला किया गया। अधिकारी ने कहा कि नई सुरक्षा व्यवस्था के अनुसार अब 8 से 10 पुलिसकर्मी पूर्व क्रिकेटर की सुरक्षा में रहेंगे। वाई श्रेणी की सुरक्षा के तहत गांगुली के सुरक्षा घेरे में विशेष शाखा से तीन पुलिसकर्मी और इतनी ही संख्या में सुरक्षाकर्मी उनके बेहाला स्थित निवास की सुरक्षा करते थे।



## असम की 'लेडी सिंघम' के नाम से लोकप्रिय महिला पुलिस अधिकारी जुनमोनी राभा की सड़क दुर्घटना में मौत

**गुवाहाटी,17 मई 2023 (ए)।** असम में लेडी पुलिस अधिकारी जुनमोनी राभा का निधन हो गया है। उनकी कार देर रात एक ट्रक से टकरा गई, जिसमे वह बुरी तरह से घायल हो गई। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। असम में लेडी सिंघम के नाम से लोकप्रिय पुलिस अधिकारी जुनमोनी राभा का कार हादसे में निधन हो गया है।आज देर रात जुनमोनी की गाड़ी नागांव में एक ट्रक से टकरा गई थी।

राभा को लेडी सिंघम और दबंग पुलिस अधिकारी के तौर पर जाना जाता था, वह अधिकारियों के खिलाफ काफी सख्त थीं। यह हादसा जखालबंधा के अंतर्गत सारुभूकिया गांव के पास हुआ है। सब इंस्पेक्टर राभा जिस वक्त कार हादसे का शिकार हुई वह उस वक्त कार में अकेली थीं, वह यूनिफॉर्म में नहीं थीं। हादसा देर रात 2.30 बजे हुआ था। हादसे के बाद मौके पर पुलिस पेट्रोल की टीम पहुंची और राभा को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।





पुलिस ने ट्रक को सीज कर दिया है, जोकि उत्तर प्रदेश का था। लेकिन ड्राइवर हादसे के बाद वहां से भाग गया। दीपक हुड्डा पर फैंस को आया गुस्सा, मीम्स बनाकर सोशल मीडिया पर उड़ा दी बल्लेबाज की धज्जियां राभा मोरिकोलोंग पुलिस आउटपोस्ट पर तैनात थीं और अपनी सेवाएं दे रही थीं। राभा के निधन पर उनके परिवार वालों ने षड़यंत्र की आशंका जताई है। परिवार वालों ने इस पूरे मामले में जांच की मांग की है। असमद के डीजीपी जीपी सिंह ने कहा कि इस मामले को सीआईडी को ट्रांसफर कर दिया गया है।

इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। जिसके बाद यह फैसला लिया गया है कि मामले को असम सीआईडी को ट्रांसफर किया जाएगा। जुनमोनी राभा की बात करें तो वह उस वक्त सुर्खियों में आई थीं जब उनकी भाजपा विधायक अमिय कुमार भूयन के साथ बातचीत का ऑडियो जनवरी 2022 में सामने आया था। इस ऑडियो में दोनों के बीच तीखी बहस होती है। दरअसल कई नाविकों को गिरफ्तार किए जाने के मुद्दे पर बहस हुई थी।

## संपादकीय

### अगर राजनीतिक साहस हो

आसमान में जाने वाली ग्रीन हाउस गैसें किसी सीमा का पालन नहीं करती हैं। ग्रीन हाउस गैसे चाहे धनी देशों में उत्पन्न हों, या गरीब देशों- शहर में या गांव में- जलवायु पर उनका समान असर होता है। भारत सरकार के पेट्रोलियम मंत्रालय की सलाहकार समिति ने एक उचित सिफारिश की है। उसने केंद्र सरकार को सौंपी अपनी रिपोर्ट में सुझाव दिया है कि भारत को 2027 तक 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में डीजल से चलने वाली गाड़ियों पर पूरा बैन लगा देना चाहिए। उसने कहा है कि कार्बन उत्सर्जन में कटौती और प्रदूषित शहरों में इलेक्ट्रिक और गैस-ईंधन वाले वाहनों के इस्तेमाल को बढ़ावा देना चाहिए। संभवतः इन कदमों से भारत को साल 2070 तक कार्बन उत्सर्जन को नेट जीरो तक लाने का लक्ष्य प्राप्त करने में मदद मिलेगी। लेकिन क्या सरकार (उस समय जो भी सत्ता में हो) यह सिफारिश मानने का राजनीतिक साहस दिखाएगी? यह सवाल इसलिए प्रासंगिक है, क्योंकि डीजल की कारें अब ज्यादातर महंगी- एसयूवी श्रेणी में बिक रही हैं। जाहिर है, इन कारों के साथ कार कंपनियों के अलावा देश के नव-धनिक वर्ग के हित भी शामिल हैं। फिर समिति की यह सिफारिश भी समस्याग्रस्त है कि ऐसा कदम सिर्फ शहरों में उठाया जाना चाहिए।

आसमान में जाने वाली ग्रीन हाउस गैसें किसी सीमा का पालन नहीं करती हैं। ग्रीन हाउस गैसे चाहे धनी देशों में उत्पन्न हों, या गरीब देशों- शहर में या गांव में- जलवायु पर उनका समान असर होता है। इसलिए बेहतर यह होगा कि यह कदम पूरे देश के लिए उठाया जाए। गौरतलब है कि भारत ने अक्षय ऊर्जा से अपनी 40 फीसदी बिजली का उत्पादन करने का लक्ष्य भी घोषित किया है। ऐसे में उत्सर्जन के एक स्रोत पर पूरा नियंत्रण जरूरी है। समिति ने कहा है कि 2030 तक, ऐसी सिटी बसें नहीं जोड़ी जानी चाहिए जो बिजली से नहीं चलती हों। लंबी दूरी की बसों को भी लंबी अवधि में बिजली से ही चलाना होगा। समिति ने माल ढोने के लिए रेलवे और गैस से चलने वाले ट्रकों का अधिक इस्तेमाल करने का सुझाव दिया गया है। गौरतलब है कि भारत में डीजल की 80 फीसदी खपत ट्रांसपोर्ट सेक्टर में होती है। तो समिति ने सरकार के सामने एक रोडमैप रख दिया है। अब आगे सब कुछ सरकार के राजनीतिक साहस पर निर्भर है।

# भाजपा को अपनी रणनीति पर सोचना होगा

कर्नाटक के चुनाव नतीजों की जैसी व्याख्या भाजपा कर रही है या कम से कम उसके प्रवक्ता टेलीविजन की बहसों और सोशल मीडिया के विमर्श में जिस तरह से इसका बचाव कर रहे हैं वह भाजपा के लिए आत्मघाती हो सकता है। यह सही है कि उसने अपना वोट नहीं गंवाया है। वह अपना पारंपरिक 36 फीसदी वोट बचाए रखने में कामयाब रही है। लेकिन उसे समझना होगा कि यह वोट उसकी जीत की गारंटी नहीं है। त्रिकोणात्मक चुनाव में इतने वोट पर चुनाव जीता जा सकता है लेकिन किसी भी राज्य में आमने सामने के चुनाव में यह आंकड़ा बहुत कम है। कर्नाटक की तीसरी पार्टी जेडीएस ने पांच फीसदी वोट गंवाए तो कांग्रेस को भाजपा से 70 सीट ज्यादा मिल गई। भाजपा और कांग्रेस में सात फीसदी वोट का अंतर है लेकिन कांग्रेस को उससे दोगुने से ज्यादा सीटें मिली हैं। इसलिए 36 फीसदी वोट मिलने के नाम पर हर रणनीति का बचाव करना ठीक नहीं है। भाजपा को इस चुनाव से सबक लेना होगा और राजनीतिक मुद्दों से लेकर संगठन तक में अब तक आजमाए जा चुके नुस्खों पर नए सिरे से विचार करना होगा।

मिसाल के तौर पर भाजपा का चुनाव जीतने का एक नुस्खा यह है कि चुनाव से पहले मुख्यमंत्री बदल दो, मंत्रियों को बदल दो, ज्यादा से ज्यादा विधायकों की टिकट काट दो और नए चेहरों को मैदान में उतारो। कुछ राज्यों में यह रणनीति कारगर रही है लेकिन यह कोई रामबाण नुस्खा नहीं है, जो हर जगह काम करेगा। उत्तराखंड और गुजरात में यह योजना सफल रही थी लेकिन कर्नाटक में यह रणनीति पिट गई। भाजपा ने उम्र के हवाले बीएस येदियुरप्पा को मुख्यमंत्री पद से हटाया था। उसको लग रहा था कि येदियुरप्पा को हटाने से उनके ऊपर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों से भाजपा को मुक्ति मिल जाएगी, एंटी इन्कम्बैंसी भी खत्म हो जाएगी और नया चेहरा होने से लोगों में उम्मीद बंधेंगी। इस रणनीति पर अमल करते हुए भाजपा को यह ध्यान रखना चाहिए था कि येदियुरप्पा की जगह जो चेहरा लाया जा रहा है वह कितना लोकप्रिय है। इसी तरह एंटी इन्कम्बैंसी कम करने के लिए विधायकों या पूर्व प्रत्याशियों की टिकट काटी गई और राज्य की 224 में से 72 सीटों पर नए चेहरे उतारे गए। इन 72 में से 62 नए चेहरे चुनाव हार गए हैं। जाहिर है सिर्फ चेहरा बदलना पर्याप्त नहीं है। नया चेहरा कितना दमदार है यह ज्यादा अहम है।

लेकिन भाजपा इस पर विचार इसलिए नहीं करती है क्योंकि उसे लगता है कि एक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चेहरा ही काफी है, किसी दूसरे दमदार चेहरे की जरूरत नहीं है। इस सोच की सीमाएं भी कर्नाटक में दिखाई दे गई हैं। प्रधानमंत्री का चेहरा दांव पर लगाने के बावजूद भाजपा वहां कुछ नहीं कर पाई। प्रधानमंत्री का चेहरा भाजपा के काम नहीं आया क्योंकि स्थानीय स्तर पर जो चेहरे थे लोग उनसे नाराज थे। मोदी के चेहरे पर चुनाव लड़ने और जीतने के भरोसे में भाजपा ने अपने कई मजबूत नेताओं को किनारे किए, जिससे स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ी। उनको अपना मुख्यमंत्री चुनना था, जबकि प्रचार गुजरात और उत्तर प्रदेश के नेताओं के चेहरे पर हो रहा था। कर्नाटक जैसे भाषायी अस्मिता वाले राज्य की संवेदनशीलता का जरा भी ध्यान रखा गया होता तो राष्ट्रीय और प्रादेशिक नेताओं के चेहरों का एक संतुलन बनाने का प्रयास होता। भाजपा को समझना होगा कि निराकार चेहरों को आगे करके हर जगह मोदी के नाम पर चुनाव नहीं जीता जा सकता है।

इसी तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डबल इंजन की सरकार का एक नैरेटिव बनाया है। सोचें, देश में दशकों तक केंद्र और राज्यों में कांग्रेस की ही सरकारें होती थीं लेकिन तब किसी ने विकास के लिए दोनों जगह एक ही पार्टी की सरकार होने यानी डबल इंजन की सरकार की जरूरत नहीं बताई। लेकिन अब हर जगह डबल इंजन की सरकार की जरूरत बताई जाती है। इसके अगर कुछ फायदे हैं तो नुकसान भी है। डबल इंजन की सरकार डबल एंटी इन्कम्बैंसी भी लाती है। उसकी विफलताएं भी दोहरी हो जाती हैं। लोगों का काम नहीं होता है या उनकी मुश्किलें बढ़ती हैं तो उनकी नाराजगी भी दोहरी होती है। वे डबल इंजन की सरकार को डबल फेल यानी दोगुना अक्षम मानने को मजबूर होते हैं। इससे उनका गुस्सा भी डबल होता है और वे दोहरे जोश के साथ नया विकल्प आजमाते हैं। कम से कम कर्नाटक में तो यही देखने को मिला है।

कर्नाटक नतीजों के बाद भाजपा को अपने चुनावी एजेंडे के बारे में भी गंभीरता से सोचना होगा। उसे समझना होगा कि हिंदुत्व या सांप्रदायिक ध्रुवीकरण कराने वाले एजेंडे की भी एक सीमा होती है या उसकी भी एक्सपायरी डेट होती है। हर जगह और हर समय यह एजेंडा नहीं चल सकता है। हो सकता है कि सांप्रदायिक रूप से बहुत संवेदनशील राज्यों में या उत्तर, पश्चिम भारत के राज्यों में यह एजेंडा चले क्योंकि लंबे समय तक मंदिर-मस्जिद और जाति की राजनीति की वजह से इन राज्यों के नौजवानों अपनी आकांक्षाएं गवां चुके हैं या उनकी कोई आकांक्षा कभी पनपी ही नहीं है। लेकिन कर्नाटक जैसे आकांक्षी राज्य में, जिसकी राजधानी बेंगलुरू एक समय एशिया के सिलिकॉन वैली की तरह उभरी थी वहां हिजाब पर पाबंदी, हलाल मीट का विरोध, टीपू सुल्तान को किसने मारा की बहस, लव जिहाद की बहस, बजरंग दल का बचाव करना जैसे मुद्दों पर चुनाव लड़ना कोई समझदारी की बात नहीं थी। यह तो कर्नाटक की बात है लेकिन दूसरे राज्यों में भी विभाजनकारी मुद्दे सोच समझ कर उठाने होंगे। एक समय के बाद रोजी रोटी का मसला इन मुद्दों को दबा सकता है। भाजपा को बड़ी गंभीरता से इस बात पर सोचना होगा कि भ्रष्टाचार पर सिर्फ बात करने से काम नहीं चलेगा और सिर्फ विपक्षी पार्टियों के नेताओं पर केंद्रीय एजेंसियों से छापे मरवा कर उनको भ्रष्ट साबित करने की रणनीति भी हर समय कारगर नहीं हो सकती है। इस तरह की राजनीति की भी सीमा है। अति की हर जगह वर्जना बताई गई है। कर्नाटक में भाजपा की सरकार के ऊपर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। लोगों ने राजनीति से निरपेक्ष लोगों के मुंह से 40 फीसदी कमीशन मांगे जाने के आरोप सुने और उन पर भरोसा किया। लोगों ने देखा कि भाजपा विधायक के यहां से आठ करोड़ रुपए नकद पकड़े गए। विधायक के बेटे को रिश्वत मांगने के आरोप में पकड़ा गया। लोगों ने यह भी देखा था कि 'ऑपरेशन कमल' के तहत कैसे कांग्रेस के विधायकों को तोड़ा गया। क्या लोग नहीं समझते हैं कि टूटने वाले विधायकों को किसी न किसी तरह का लालच दिया जाता है? यह भी तो भ्रष्टाचार का एक रूप है! यह अनैतिक भी है और भ्रष्ट आचरण भी है। इसके अत्यधिक प्रयोग ने भाजपा की छवि को प्रभावित किया है। लोगों को यह सोचने के लिए मजबूर किया है कि ऐसे काम कर तो भाजपा रही है लेकिन कार्रवाई विपक्षी नेताओं के खिलाफ हो रही है।

प्रचार और पैसा चुनाव लड़ने का टूल्स हैं, सिर्फ इनके दम पर भी चुनाव नहीं जीता जा सकता है। भाजपा को यह भी ध्यान में रखना होगा। अगर लोग प्रादेशिक सरकारों के कामकाज से नाराज हैं तो केंद्रीय सरकार के वादे से वह नाराजगी खत्म नहीं हो सकती है। पैसे और प्रचार के दम पर लोगों को चाहे जो भी समझाने का प्रयास हो, उससे नाराजगी दूर नहीं होती है। कर्नाटक में लोग सरकार के कामकाज से नाराज थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हो सकता है कि उनकी नाराजगी नहीं हो लेकिन वे जानते थे कि मोदी को मुख्यमंत्री नहीं बनना है। इसलिए प्रधानमंत्री के इतने सघन प्रचार और भावनात्मक अपील पर भी लोगों ने ध्यान नहीं दिया। सो, भाजपा के लिए एक बड़ा सबक यह है कि वह राज्यों में सरकारों को अच्छा काम करने के लिए प्रेरित करे। इस भरोसे में न रहे कि आखिरी दौर में मोदी आएंगे और सब कुछ बदल देंगे।

**अजीत द्विवेदी**

## बच्चों मे जान,बड़ो में अभिमान,बुजुर्गों में ज्ञान

आज के समय मे अपने ही चहू ओर कि हर एक विषम परिस्थितियों को देखते हुए जो मन में विचार का उद्गम हो रहा है , उन्हीं विचारों या अपनी अभिव्यक्ति को कागज़ों पर संवार मन को आत्म तृप्ति देने मे कितना सुकून का अनुभव होता है । साहित्यकार वही तो है जो देखे अपने आस पास उसी को सच तुरंत शब्दों मे ढ़ाल कागज़ों पर स्याही कलम कि साठ गॉठ से उतार देते । आज एक दिन के सफ़र के काट अपनी बहन के घर आई तो उनके ससुर जी के मुख से सुनें हर एक ज्ञान वर्धक शब्दों ने मेरा मन आकर्षित कर मुझे लिखने के लिए आतुर कर दिया । उनके कहे हर एक शब्द बड़े ही सार गर्भित थे , जो सीख दे रहे थे आज की नवयुवा पीढ़ी को , समझाने की कोशिश कर रहे थे सरल तुकबंदी भरे शब्दों में । वो शब्द थे बच्चों मे जान , नवयुवाओं मे अभिमान और बुजुर्गों मे ज्ञान जो सच सोचने को मजबूर कर दे । हर एक शब्द समझा रहा था कि जिंदगी का तजुर्बा कितना अधिक होता बुजुर्गों को , बुजुर्ग हर पल ज्ञान देते अपने जीवन के अंतिम पड़ाव तक आते आते जो सीखें , वो सोचते जो गलतियां उन्होंने कभी नवयुवा अवस्था में की वो गलतियां आज उनके ननिहाल , नवयुवा नहीं करें । पर नवयुवा हैं कि वो समझते कि बुजुर्ग बस यूंही सारा दिन बोलते और नवयुवा विपरित विचार धारा बुजुर्गों के प्रति बना लेते हैं । नवयुवाओं को बुजुर्गों की टोका-टाकी बिल्कुल भी पसंद नहीं आती । जब की बुजुर्गों ने अपनी जिंदगी में कई हर एक गलती को सीख के समान परोस रखना चाहा । बच्चे तो निर्मल कोमल मन के होते , उनकी अपनी ही दुनिया होती वो तो अपनी ही दुनिया में खोए रहते काल्पनिक सोच , खेल कूदना , निष्पक्ष रहना सभी के प्रति , ना अमीरी-गरीबी का भेदभाव और ना ही जात-पात का भेद । स्वच्छ मन के होने के कारण बच्चों मे सभी की जान बसती । परंतु यही बच्चे देखते ही देखते जब नवयुवा अवस्था मे आ जाते तो जो उनके दादा उनको बचपन से ही भाते थे जो सदैव मार्गदर्शन करते रहे वो ही दादा उनको आज खटकते जो उनको सही राह दिखा रहे हैं । तो सही कही है ना ये पंक्तियां? बच्चों में जान , नवयुवाओं मे अभिमान और बुजुर्ग में ज्ञान ।



**वीना आडवाणी तन्वी**
नागपुर, महाराष्ट्र

## इश्क है तो दर्द सहना पड़ेगा जीवन भर

तेरा नाम नही तो सब मुझसे खुश रहते है
तेरा नाम लेते सब मुझसे नाखुश रहते है
अपने हिस्से का प्यार सब चाहते है मगर
इश्क है तो दर्द सहना पड़ेगा जीवन भर
समझ नही पाते लगाव घट नही सकता
ये वो घाव है जो कभी भर नही सकता
इश्क सीमारहित जिसका छोर नही पर
इश्क है तो दर्द सहना पड़ेगा जीवन भर
चाहत के अफसाने जो दिन रात बढता
उसके अगन से
कोई भी बच नही सकता
इश्क वो दरिया
जिसमे ताउम्र डूबना मगर
इश्क है तो दर्द सहना पड़ेगा जीवन भर
आग सीने में लग जाये
एक बार इश्क की
ताउम्र मिलेगी अब
प्रेम में कसक व सिसकी
इस कशिश में बीतेगी अब तो जीवन डगर
इश्क है तो दर्द सहना पड़ेगा जीवन भर
उम्र गुज़ार देंगे केवल तेरे यादो के साथ
मैं इधर लिखूं,आप उधर पढ़ना मेरे साथ
अब तो पढ़ के ही प्रेम होगा हमारा अमर
इश्क है तो दर्द सहना पड़ेगा जीवन भर
किसी भी तरह ये जीवन बीत जाये अगर
जाने कौन रास्ते जायेगा जीवन का डगर
हर डगर पर यादों का बस साथ हो अगर
इश्क है तो दर्द सहना पड़ेगा जीवन भर



**प्रमेशदीप मानिकपुरी**
धमतरी
छत्तीसगढ़


## छिपी हुई नमी

किसने कहा
पुरुष रोते नहीं...?
मैंनें देखा है
हँसती आँखों के पीछे
एक गहरा समन्दर,
मैंने महसूस की है
उनकी भीगी आँखों की
छिपी हुई नमी,
मैंने परखी है
उनकी कठोरता के पीछे की
सहृदयता को।
मैंने हमेशा जानना चाहा है
वो रहस्य जो,
उन्हें पुरुषों वाली जड़ता देते हैं।



**काव्यशिखा सिन्हा**
बालोद-
छत्तीसगढ़

# कोरोना के बाद अब टीबी के खिलाफ जंग



### टीबी मुक्त भारत अभियान में निक्षय मित्र योजना की प्रभावी भूमिका

टीबी एक गंभीर जानलेवा बीमारी है. यह अन्य संक्रामक बिमारियों से ज्यादा घातक भी है. बैक्टीरिया से होने वाली यह बीमारी हवा के जरिए एक इंसान से दूसरे इंसान के शरीर में फैलती है। यह आमतौर पर फेफड़ों से शुरू होती है। परन्तु यह ब्रेन, यूटरस, मुंह, लिवर, किडनी, गला, हड्डी आदि शरीर के किसी भी हिस्से में हो सकती है। खांसने और छींकने के दौरान मुंह-नाक से निकलने वाली सूक्ष्म बूंदों से यह इन्फेक्शन फैलता है। सन 1882 में वैज्ञानिक रॉबर्ट कॉक ने टीबी रोग के कारक जीवाणु माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिस की खोज करके टीबी रोग उन्मूलन की राह आसान की. आज पूरी दुनिया इस बीमारी से चिंतित है. जानकारों के अनुसार दुनिया में प्रतिदिन 5,200 लोगों की मौत टीबी से होती है जबकि अकेले भारत में हर दिन लगभग 1,400 लोग टीबी से मरते हैं। दुनिया के कुल टीबी मरीजों में 25 प्रतिशत मरीज अकेले भारत में हैं. इसीलिए भारत में टीबी उन्मूलन हेतु युद्ध स्तर पर प्रयास जारी है. सन 2030 तक विश्व को टीबी मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है. लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक लक्ष्य से 5 साल पहले यानी 2025 तक भारत को टीबी मुक्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है. स्वास्थ व परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार का पूरा अमला इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए जी-जान से जुटा हैं। देशभर में टी.बी मरीजों की पहचान करके उनके उपचार की उचित व्यवस्था करना तथा उनका समुचित देखभाल करने का कार्य तीव्र गति से हो रहा है। उपचार अवधि में रोगियों को पोषण युक्त आहार नितांत आवश्यक है. शासन द्वारा डीबीटी के तहत मरीजों के खाते में प्रतिमाह 500 रु हस्तांतरित किये जा रहे हैं। इसके अलावा ऋहऋष्टक्क के तहत सभी रोगियों को टीबी रोधी दवाओं सहित निःशुल्क निदान और उपचार की सुविधा भी प्रदान की गई है। शासन ने इस अभियान को जन आंदोलन बनाने की नीयत से एक अभिनव योजना प्रारंभ की है, इस योजना को 'निक्षय मित्र' योजना नाम दिया गया है. इस योजना के तहत जनभागीदारी सुनिश्चित की गई है यानी टीबी के खिलाफ चल रहे जंग में जनता जनार्दन को भी शामिल कर लिया गया है. 'निक्षय मित्र योजना के तहत कोई भी व्यक्ति, समूह या संस्थायें मरीजों को पोषण, उपचार व आजीविका में मददगार बनकर प्रधानमंत्री टी.बी. मुक्त भारत अभियान में अपना योगदान दे सकते हैं। इन्हें निक्षय मित्र नाम दिया गया है. निक्षय मित्र को कम से कम एक साल और अधिकतम तीन वर्षों तक रोगियों को गोद लेना होता हैं। परन्तु इसमें टी.बी रोगियो की सहमति आवश्यक हैं। निक्षय मित्र योजना का प्रतिफल यह हुआ कि जन स्वास्थ्य एवं जन सरोकार से जुड़े इस अभियान में लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहें हैं। निक्षय मित्र बनने के लिए आर्थिक रूप से सक्षम व्यक्ति, कारोबारी, स्वयंसेवी संस्थाएं एवं अर्द्ध सरकारी संस्थाएं आगे आ रही है. टी.बी. उन्मूलन की दिशा में जन भागीदारी बढ़ गई है तथा इस योजना को अच्छा प्रतिसाद मिल रहा हैं। इस अभियान से जुड़ने के लिए आप निक्षय पोर्टल पर रजिस्टर कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए निक्षय हेल्पलाईन नंबर 1800-11-6666 पर भी सम्पर्क किया जा सकता हैं।

कोरोना महामारी के दौर में भारत ने जो महती भूमिका निभाई थी, अब टीबी उन्मूलन की दिशा में भी वही भूमिका दृष्टिगोचर हो रही हैं। देश के वैज्ञानिक भी इसके उन्मूलन के लिए नित नई नई दवाइयां व टीके की खोज कर रहे हैं। इस बिमारी को जड़ से खत्म करना हमारा सबका सामाजिक एवं राष्ट्रीय दायित्व है. निक्षय मित्र योजना सामाजिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए बनाई गई हैं। आइये हम सब निक्षय मित्र योजना में शामिल होकर 2025 तक टीबी मुक्त भारत के संकल्प को पूरा करें।

**अशोक बजाज**

# राजनीति से विलुप्त होती नैतिकता और सदाचार

### सत्ता का लोभ और सिद्धांतहीनता बड़ा सबब

महात्मा गांधी जी ने कहा था कि सिद्धांतों के बिना राजनीति पाप है। भारतीय राजनीति का उद्भव प्राचीन काल से हुआ है,किंतु इसकी प्रकृति में परिवर्तन तब आया जब भारत विश्व स्तर पर एक आधुनिक राज्य के रूप में स्थापित हुआ। भारतीय राजनीति में स्वतंत्रता के पूर्व नैतिकता एवं संस्कृति की एकता के दम पर स्वतंत्रता संग्राम पर विजय प्राप्त की थी। विवेकानंद, सुभाष चंद्र बोस, महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री,सरदार वल्लभभाई पटेल, लाला लाजपत राय और ना जाने कितने महान व्यक्तियों ने नैतिकता और संस्कृति में एकजुट होकर ब्रितानी हुकूमत को देश से भगाया था। देश का स्वतंत्रता संग्राम जनप्रतिनिधियों को नैतिकता के पालन के लिए प्रोत्साहित करता रहा है। जब भारत में स्वतंत्र लोकतांत्रिक राजनीति का आरंभ हुआ तो नैतिकता का पतन, क्षरण आरंभ हो गया। इसी तरह राजनीति से धीरे-धीरे सदाचार तथा विनम्रता का भी ब्लॉक होता जा रहा हैद्य राजनीति सिद्धांत से विमुख होती गई तथा इसकी दशा और दिशा मैं नैतिकता का क्षरण तथा पतन धीरे-धीरे प्रारंभ हो गया। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात यह माना जाता रहा है की राजनीति में अनैतिकता के पनपने के दो प्रमुख कारण माने गए धनबल और बाहुबल। राजनीति में ऐसा कहा जाता है कि जिसके पास धन होता है उसके पास बल भी होता है, और भारतीय राजनीति में और कई प्रदेशों के संदर्भ में यह बात सर्वथा उचित प्रतीत होती है। भारतीय राजनीति में धनबल और बाहुबल का नकारात्मक प्रभाव नैतिकता के पतन के रूप में सामने आया है। स्वतंत्रता के पश्चात राजनेताओं में स्वयं के लिए धन एकत्र करना एवं येन केन प्रकारेण सत्ता स्थापित करने के प्रयास के कारण नैतिकता धीरे-धीरे स्खलित होती गई है। नेताओं का बेईमानी और भ्रष्ट कार्य में लिप्त होना भी राजनीति में नैतिकता के पतन का प्रमुख कारण है,और यही कारण है कि आज अधिकतर भारतीय राजनेताओं पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए गए हैं, एवं उन पर मुकदमा भी चल रहा है। यह सर्व विदित है कि सार्वजनिक संपत्ति को अपनी स्वयं की संपत्ति बनाने की होड़ में राजनेताओं को कर्तव्य पथ से विमुख होते देखा गया है। राजनीति में राजनेताओं ने इसे संपत्ति कमाने का जरिया ही मान लिया है। सार्वजनिक संसाधनों का पूरा नियंत्रण राजनेताओं के पास होता है इसका उपयोग में अपने संसदीय, विधानसभा क्षेत्र के लिए करते हैं। इस तरह पूरे राज्य स्वदेश के संसाधनों का किसी एक क्षेत्र में निवेश करते जाते हैं, जो अनैतिकता का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है। राजनीति में भाई भतीजावाद एक सामान्य बहुत चर्चित लक्षण है, कोई भी राजनेता आज यह चाहता है कि योग्यता हो ना हो कोई भी बड़ा पद उसके भाई, भतीजे ,पत्नी ,बेटे आदि को मिल जाए, इतना ही नहीं कई बार सगे संबंधियों के अपराधी होते हुए भी राजनीतिक पद अथवा चुनावी टिकट दिलाने का प्रयास करते हैं। भारतीय राजनीति में क्रोनी कैपिटलिस्म यानी उद्योगपतियों एवं राजनीतिज्ञों का आपस में गठजोड़ को क्रोनी कैपिटलिस्म माना जाता है। इसमें उद्योगपति राजनीतिक चंदा का हवाला देते हुए राजनेताओं से देश की नीतियों को अपने पक्ष में करवा लेते हैं और इस तरह जनता का शोषण शुरू हो जाता है। भारतीय राजनीति में इस तरह के आरोप लंबे समय से लगते आ रहे हैं। राजनीति में उच्च नैतिक मूल्यों का महत्व घटने के साथ-साथ राजनीतिक मापदंड शासन को राजनीति आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में नकारात्मक रूप से प्रभावित करता जा रहा है। राजनेताओं से अपेक्षा होती है कि वह समाज के प्रति प्रतिबद्ध होकर काम करें किंतु अनैतिक राजनीति इस प्रतिबद्धता में एक बड़ी बाधा है, और इसके साथ ही राजनेता अनैतिक प्रथाओं का समावेश कर अपनी राजनीतिक रोटी सेकने मैं कतई गुरेज नहीं करते हैं। इतना ही नहीं राजनीति में आरोप-प्रत्यारोप की भाषा भी निम्न स्तर तथा अनैतिक होते जा रही है, और यही कारण है कि राजनीति में अयोग्य लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है। विडंबना यह है कि भारत में प्रत्येक पेशेवर व्यक्ति के लिए कार्य करने के लिए योग्यता निर्धारित की गई है, किंतु जनता पर शासन करने वाले जनप्रतिनिधियों की कोई भी योग्यता निर्धारित नहीं की गई है। संविधान में ही योग्यता निर्धारित नहीं है। लेकिन संसद द्वारा पारित जनप्रतिनिधि अधिनियम 1991 में भी इसका कोई प्रावधान नहीं किया गया। इसीलिए संविधान तथा इस अधिनियम में जनप्रतिनिधियों की शैक्षणिक योग्यता एवं एवं अपराधिक निर्योग्यता का प्रावधान किया जाना चाहिए जिससे राजनीति थोड़ी साफ सुथरी हो और नैतिकता तथा आत्मबल में वृद्धि हो। पढ़े लिखे, शिक्षित लोगों की राजनीति में आने से वहां का वातावरण थोड़ा शुद्ध होने की संभावना बनती है,और देश के विकास को भी बल मिलता है। यह बात महत्वपूर्ण है कि सामान्यता अपराधी प्रवृत्ति लोगों को विधानसभा या लोकसभा में टिकट नहीं दी जानी चाहिए, जिससे उनका राजनीति में प्रवेश प्रतिबंधित हो सके। प्रायः देखा गया है कि अनैतिकता की शुरुआत अधिक धन के संचालित होती है। इसीलिए सभी राजनीतिक दलों के प्राप्त चंदे को ऑडिट के दायरे में लाना जाकर लाया जाना चाहिए, ताकि नैतिक चंदे से राजनीति भी नैतिक हो सके। सदनों की नियमावली में परिवर्तन करते हुए सूचना के अधिकार के अंतर्गत जिसमें पार्टियों की गतिविधियां भी आर,टी,आई के दायरे में लाई जा सके। जिससे राजनीतिक पारदर्शिता को बल मिलेगा। हाल ही में भारतीय संसद की निष्पादन क्षमता में भारी कमी आई है, क्योंकि प्रत्येक राजनीतिक दल संसद का प्रयोग राजनीतिक लाभ के लिए करने लगे हैं, इसीलिए नियमावली में परिवर्तन के साथ इस पर लगाम लगाई जानी चाहिए। इससे राजनीति में नैतिकता का क्षरण ना हो। प्रसिद्ध विचारक हेनरी एडम ने कहा है कि ÷मानव स्वभाव का ज्ञान ही राजनैतिक शिक्षा का आदि और अंत है



**संजीव ठाकुर,**
चौबे कालोनी रायपुर छत्तीसगढ़,

# प्रभा श्री-काव्य गोष्ठी सबके लिए में काव्य पुष्प माँओं के चरणों में अर्पित किए

काव्य गोष्ठी सबके लिये (भोपाल) एवं प्रभा श्री फाउंडेशन (काशी) के संयुक्त तत्वावधान में पूरी भव्यता के साथ एक और कवि सम्मेलन संपन्न हुआ। काव्य गोष्ठी सबके लिये (भोपाल) के संस्थापक एवं वरिष्ठ साहित्यकार राजसागर, संस्कार प्रभा की निदेशक प्रख्यात साहित्यकार पुष्पा अवस्थी स्वाती (मुंबई) एवं प्रभा श्री फाउंडेशन की निदेशक जानी मानी कवयित्री प्रियंका अग्निहोत्री गीत (काशी) के संयुक्त प्रयासों से हर रविवार को होने वाले ऑनलाइन कवि सम्मेलन में देश के ही नहीं अपितु विदेशों से भी अंतर्राष्ट्रीय साहित्यकारों का प्रतिभाग रहा करता है। साथ ही नवांकुरों को मंच प्रदान कर उनकी साहित्यिक प्रतिभा को निखारने का भी कार्य किया जाता है। पंकज अंगार (ललितपुर) के मुख्या आतिथ्य में गत रविवार 14 मई के इस कवि सम्मेलन में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के नाम जयकृष्ण चांडक (हरदा), डॉ0 शशि तिवारी (आगरा), प्रकाश कँवर (दिल्ली), डॉ0 शशिकांत दीक्षित (नागपुर), जया कुमारी (बनारस), वंदना तिवारी शिवली (ग़ाज़ियाबाद), सुदीप्त सिन्हा (लखनऊ) सभी ने अपनी अप्रतिम रचनाओं से



अद्भुत काव्य की धारा बहायी। विविध विधाओं में सभी ने अपनी माँ को काव्य पुष्प अर्पित किये। साथ ही साथ सभी ने एक स्वर में प्रभा श्री के इस अद्भुत अनवरत मंच की भूरी भूरी प्रशंसा की । श्रोता दीर्घा से प्रताप शंकर दुबे (वाराणसी) ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुति दी । तत्पश्चात मुंबई की जानी मानी वरिष्ठ साहित्यकार पुष्पा अवस्थी स्वाती ने अपने बहुमूल्य आशीर्वचन प्रदान किये । मंच की श्रेष्ठ और सफलतम संचालिका कवयित्री प्रियंका अग्निहोत्री गीत (काशी) ने बताया कि विगत चार वर्षों में सौ किताबें प्रकाशित की जा चुकीं, तथा मंच पर 10 हज़ार से अधिक रचनाकार प्रतिभाग करते हुए सम्मानित हो चुके यह मंच पूर्णतः उनके पिता स्वश्र प्रभा शंकर अवस्थी जी को समर्पित है। प्रभा श्री ग्रुप के अंतर्गत सभी कार्य उनकी स्मृति में उन्हीं की प्रेरणा से आयोजित किये जाते हैं, प्रभा श्री की प्रभा अंधेरों से उजालों की ओर बढ़ने को प्रेरित करती है, नकारात्मकता में भी सकारात्मकता का प्रसार करती है। इसी प्रकार तालियों के बीच प्रियंका गीत के ही द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



**प्रियंका अग्निहोत्री गीत**
वाराणसी
उत्तरप्रदेश

## महंगाई नें ऐसी आर्थिक छड़ी मारी

महंगाई नें ऐसी आर्थिक छड़ी मारी
धरी रह गई छुट्टियों,घूमने की फुलवारी
अब चिंता, फ़िर आई छुट्टियों की बारी
परंतु एन्जॉय करने की
सामर्थ्यता नहीं हमारी
डब्लयूएचओ की घोषणा
के बाद खुशियों की पारी
बच्चे कर रहे जोरदार
छुट्टियां मनाने तैयारी
वित्तीय हालत ख़राब है
वस्तुएं खरीदने की
सामर्थ्यता नहीं है हमारी
कैसे बताएं बच्चों से व्यथा हमारी
खाली जेब है जमा पूंजी गई हमारी
रिश्तेदार दोस्त कोई नहीं दे रहे उधारी
महंगाई ने नहीं बख्शी
किस्मत मारी हमारी
परंतु वित्तीय हालत
ख़राब है तो क्या हुआ
जज़्बा जांबाज़ी भी पूंजी है हमारी
फिर से हिम्मत करके खड़ी करेंगे
वस्तुएं खरीदने की सामर्थ्यता हमारी
भारतीय हैं भारतीयता पहचान हमारी
हिम्मत हौसला धैर्य है पूंजी हमारी
फिर खड़ा करेंगे
साम्राज्य आर्थिक स्थिति का
वस्तुएं खरीदने की
सामर्थ्यता होगी हमारी-3



**किशन सनमुखदास**
गोंदिया महाराष्ट्र

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

CMYK

# हसदेव अरण्य की कोयला खदानें निरस्त करने की मांग पर आदिवासी पुनःलामबंद

» आबंटित सभी कोयला खदानों को निरस्त करने की मांग के साथ आदिवासी समुदाय पुनःसड़कों पर उतरा

» दोषी प्रशासनिक अधिकारियों एवं अडानी कंपनी के कर्मचारियों पर कार्यवाही की मांग

» जांच आदेशित होने के बावजूद बिना किसी जांच के वन स्वीकृति का अंतिम आदेश राज्य सरकार ने किया जारी



- संवाददाता -
अंबिकापुर, 17 मई 2023 (घटती-घटना)।

हसदेव अरण्य में जल-जंगल-जमीन बचाने चल रहे अनिश्चितकालीन आंदोलन को 440 दिन पूरे हो चुके है। आज हसदेव अरण्य में आबंटित सभी कोयला खदानों को निरस्त करने की मांग के साथ आदिवासी समुदाय पुनः सड़कों पर उतरा और हरिहरपुर धरना स्थल से साल्ही मोड़ तक रैली निकाली।

पिछले एक दशक से 1700 वर्ग किलोमीटर में फैले इस जंगल को कोयला खदान जे उजड़ने से बचाने यहां की ग्राम सभाऐं पांचवी अनुसूची के तहत अपने संविधानिक अधिकारो की रक्षा में सतत संघर्ष कर रही है।

हसदेव की ग्राम सभाओं के सतत विरोध के बावजूद पिछले वर्ष यहां नई परसा कोयला खदान और मौजूदा परसा ईस्ट केते बासन खदान को राज्य सरकार द्वारा जारी अंतिम वन स्वीकृति जारी कर दी।

प्रभावित ग्रामीणों ने लगातार वन स्वीकृति के लिए हुई फर्जी ग्राम सभा का विरोध किया और दोषी प्रशासनिक अधिकारियों एवं अडानी कंपनी के कर्मचारियों पर कार्यवाही की मांग की। अक्टूबर 2021 में मदनपुर से रायपुर तक 300 कि. मी. पदयात्रा कर फर्जी ग्राम सभा पर जांच की मांग और बिना ग्राम सभा के हुए भूमि अधिग्रहण पर संज्ञान लेने राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा जिस पर राज्यपाल द्वारा जांच के आदेश भी जारी किए गए।

जांच आदेशित होने के बावजूद बिना किसी जांच के वन स्वीकृति का अंतिम आदेश राज्य सरकार ने जारी किया। भारतीय वन्यजीव संस्थान की हसदेव अरण्य पर रिपोर्ट जारी हुई जिस पर हसदेव पर खनन से होने वाले पर्यावरणीय औए वन्यजीवों पर होने वाले दुष्प्रभाव स्पष्ट रूप से लिखे गए है और इसलिए यहाँ खनन की अनुमति न दी जाने की बात भी लिखी है। विधान सभा मे सर्व सम्मति से हसदेव अरण्य की कोयला खदाने निरस्त करने अशासकीय संकल्प भी पारित किया गया।

मार्च 2023 की विधान सभा सत्र की प्रश्नोत्तरी से यह स्पष्ट हो गया कि राज्यपाल के आदेश और मुख्यमंत्री के आश्वासन के बाद भी फर्जी ग्राम सभा की कोई जांच नहीं हुई बल्कि हसदेव अरण्य बचाओ संघर्ष समिति के ज्ञापन पर 2018 में एक बार इसकी जांच की गई उसके बाद कोई जाँच नहीं हुई। जांच में भी जिन सचिवों ने फर्जी प्रस्ताव लिखे है उनसे ही बयान लेकर जांच रिपोर्ट बनाई गई लेकिन इसमें ग्राम सभा से कोई चर्चा ही नहीं हुई या गांव के लोगों से कोई बयान नहीं लिया गया।

हसदेव अरण्य बचाओ संघर्ष समिति के संयोजक उमेश्वर आर्मो जी ने कहा कि क्या कारण है कि राज्यपाल के आदेश के बावजूद सरकार फर्जी ग्राम सभा की जांच से बच रही है? राज्य सरकार को तय करना होगा कि वे आदिवासियों के प्रति जवाबदेह है या अडानी के प्रति?

हसदेव अरण्य बचाओ संघर्ष समिति के मुनेश्वर पोर्ते ने कहा कि सरकार जब तक परसा खदान की अंतिम वैन स्वीकृति निरस्त नहीं करती आंदोलन ऐसे ही सतत जारी रहेगा और पुनः तीव्र होगा। इस बार हसदेव के आंदोलन का प्रभाव विधान सभा चुनावों में भी पड़ेगा।



## 200 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को पहले दिन बांटे गए एंड्रॉयड मोबाइल

- संवाददाता -
उदयपुर, 17 मई 2023 (घटती-घटना)।

**जनप्रतिनिधियों के हाथों वितरित किया गया मोबाइल**

विकास खंड उदयपुर के 260 में से पहले दिन 200 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के मुताबिक शासन की योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन के लिए एंड्रॉयड मोबाइल का वितरण किया गया है। बुधवार को जनपद सभा कक्ष में आयोजित मोबाइल वितरण कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि सिद्धार्थ सिंह, जनपद अध्यक्ष भोजवंती सिंह, उपाध्यक्ष नीरज मिश्रा, जनपद सदस्य सज्जू राम शांति राजवाड़े , मुख्य कार्यपालन अधिकारी पारस पैकरा, परियोजना अधिकारी दयामणि कुजूर, सुपर वाइजर निशी श्रीवास्तव, मेरखा एरेन लकड़ा, संपतिया उइके, सुमन शोशन किंडो, सरिता तिर्की, दुलारी सिंह तथा अन्य लोग उपस्थित रहे। विदित हो की आंगनबाड़ी केंद्रों से संचालित योजनाओं की अपडेट जानकारी भेजने, पोषण आहार वितरण, टीकाकरण, वजन त्यौहार के बाद बच्चों का वजन इत्यादि की जानकारी आंगनबाड़ी केंद्र के रजिस्टर में प्रतिदिन दर्ज की जाती है।

अब इन जानकारियों को सीधे मोबाइल सॉफ्टवेयर के माध्यम से इंट्री किया जाएगा। समय पूरी जानकारी शासन को प्राप्त होगी। कार्यकर्ताओं को आंगनबाड़ी के अलावा समय समय पर मतदाता सूची, बीपीएल सर्वे, चुनाव, जनगणना इत्यादि कार्य का दायित्व समय समय पर दिया जाता है। अब इन कार्यों को करने में इन्हे सुविधा होगी।

## एनपी-एनसीडी कार्यक्रम के तहत् जिला अस्पताल में मनाया गया विश्व रक्तचाप दिवस

- संवाददाता -
सूरजपुर, 17 मई 2023 (घटती-घटना)।

कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सूरजपुर डॉ. आर.एस. सिंह तथा वरिष्ठ सह अस्पताल अधीक्षक डी. के एन एप के मार्गदर्शन में 17 मई 2023 को जिला चिकित्सालय के सभाकक्ष में विश्व रक्तचाप दिवस का आयोजन किया गया। वरिष्ठ विशेषज्ञ सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. के. एल. के द्वारा लोगों को उच्च रक्तचाप के विषय में जानकारी प्रदान की गया तथा उनके द्वारा लोगों को बताया गया कि दैनिक दिनचर्या एवं खान पान में विशेष देखभाल करने जरूरत है, लोगों को नषापान से दूर रहने तथा नमक का सेवन कम करने की सलाह दी गयी। नोडल अधिकारी डॉ. दीपक जायसवाल के द्वारा उच्चरक्त चाप के बारे में जानकारी देते हुए उसके जटीलता के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की साथ ही लोगों को उच्च रक्त चाप के कारण हृदयघात, लकवा एवं किडनी जैसे गंभीर बीमारी हो सकती है। उनके द्वारा बताया गया जिले के समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों में 30 वर्ष से अधिक उम्र के महिला एवं पुरूष कभी भी स्वास्थ्य संस्था में उपस्थित होकर बी.पी. शुगर एवं कैंसर की जाच निःशुल्क करा सकते हैं। जिले के समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों में एनपी-एनसीडी कार्यक्रम अंतर्गत विश्व रक्ता दिवस मनाया गया। उक्त कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक गनपत कुमार नायक, डॉ. जयंत दास, अस्पताल सलाहकार निलेश गुप्ता, जिला मलेरिया सलाहकार विवेक सदन नाविक, मलेरिया टेक्निकल सुपरवाईजर सी.के. महेश्वरी तथा अस्पताल के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा मरीज के परीजन उपस्थित थे।



## शराब के नशे में कीटनाशक सेवनकर ग्रामीण ने दी जान

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 17 मई 2023 (घटती-घटना)।

शराब के नशे में एक व्यक्ति ने मंगलवार को कीटनाशक सेवन कर लिया। परिजन उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रूपलाल उम्र 48 दरिमा थाना क्षेत्र के ग्राम खाला का रहने वाला था। मंगलवार को वह शराब के नशे में कीटनाशक सेवन कर लिया। कीटनाशक सेवन कर परिवार के सभी सदस्यों को अपने पास बुलाकर मामले की जानकारी दी। जानकारी होने पर परिजन उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती कराया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# गंभीर अपराधों मे बेहतर कार्यवाही करने वाली पुलिस टीम सम्मानित

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 17 मई 2023 (घटती-घटना)।

जिले की पुलिसिंग व्यवस्था में कसावट लाने एवं अपराध अनुसन्धान में तेजी लाकर त्वरित कार्रवाई करने के उद्देश्य से बुधवार को आईजी राम गोपाल गर्ग मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता द्वारा जिले के पुलिस राजपत्रित अधिकारियों सहित समस्त थाना, चौकी प्रभारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में लंबित प्रकरणों की समीक्षा, गुम इंसान, मर्ग जांच, शिकायत जांच के साथ-साथ लंबित मामलों के जल्द निराकरण करने के दिशा निर्देश दिए गए। थाना प्रभारियों को लघु अधिनियम के तहत कार्रवाइयों को बढ़ाने, नशे के विरुद्ध अभियान नवाबिहान को प्रभावी तौर पर लागु कर नशे के तस्करों पर सख्त कार्रवाई करने एवं महिला सम्बन्धी अपराधों में त्वरित कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा आगामी चुनावों के मद्देनजर समस्त थाना, चौकी प्रभारियों को मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर पुलिस बल की रुकने की व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक कार्रवाइयों हेतु निरीक्षण कर प्रतिवेदन कार्यालय भेजने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।



अपराध समीक्षा बैठक के दौरान साइबर सेल प्रभारी द्वारा प्रजेंटेशन देकर अपराध अनुसन्धान में साइबर सेल द्वारा की जा रही कार्रवाई से पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया गया। समस्त थाना, चौकी प्रभारियों द्वारा थाने में जब्त लावारिस वाहनों के सम्बन्ध में अधतन जानकारी पुलिस अधीक्षक के समक्ष पेश की गई, पुलिस अधीक्षक द्वारा लावारिस वाहनों के सम्बन्ध में अर्पण एक अभियान चलाकर वाहन मालिकों की पतासाजी कर सुपुर्दनामा में प्रदान करने के निर्देश दिए गए एवं नस्टीकरण योग्य जब्त संपत्ति के सम्बन्ध में न्यायालय से निर्देश प्राप्त कर नस्टीकरण की कार्रवाई करने एवं जप्तशुदा संपत्ति के व्यवस्थित रखरखाव के निर्देश दिए गए। अपराध समीक्षा बैठक के दौरान इन्वेस्टीगेटर ऑफ द मंथ के तहत प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान को कैश रिवॉर्ड एवं प्रशस्ती पत्र देकर उत्साहवर्धन किया गया। थाना लखनपुर में हत्या के मामले में आरोपियों को गिरफ्तार कर त्वरित कार्यवाही करने वाले पुलिस अधिकारियों, शहर के विभिन्न क्षेत्रों से हुए 12 मोटरसाइकिल चोरी का खुलासा करने वाली विशेष पुलिस टीम, थाना मणिपुर एवं बतौली के ठगी के मामले में बेहतर कार्रवाई कर उत्तरप्रदेश एवं झारखण्ड से आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम एवं थाना सीतापुर में महिला से ठगी कर आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के मामले में आरोपी को बिहार से गिरफ्तार करने में शामिल पुलिस टीम को कैश रिवॉर्ड एवं प्रशस्ती पत्र से सम्मानित किया गया। समीक्षा बैठक के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, नगर पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला सहित समस्त थाना, चौकी प्रभारी एवं पुलिस अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे।

### ताइक्वांडों प्रशिक्षक हुए सम्मानित

हिम्मत कार्यक्रम के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को प्रशिक्षण देने में प्रमुख भूमिका निभाने वाले सरगुजा पुलिस के ताईक्वांडों प्रशिक्षक आरक्षक राधेश्याम मानिकपुरी के उत्साहवर्धन हेतु नगद 10 हजार रुपये एवं प्रशस्ती पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया।

## कोयला तस्करी करते युवक सहित कोयला लोड ट्रैक्टर जप्त

- संवाददाता -
लखनपुर, 17 मई 2023 (घटती-घटना)।

लखनपुर थाना क्षेत्र के परसोडी कला से 16 मई दिन मंगलवार की दोपहर ट्रैक्टर वाहन से अवैध कोयला की तस्करी की जा रही थी। मुखबीर से सूचना मिलने के बाद लखनपुर पुलिस रजपुरी कला में घेराबंदी करते हुए युवक सहित 3 टन कोयला लोड ट्रैक्टर वाहन जप्त किया है उक्त ट्रैक्टर वाहन मे लोड कोयला के संबंध में दस्तावेज मांगे गए परंतु दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया जिस पर लखनपुर पुलिस युवक सहित कोयला लोड ट्रैक्टर वाहन लेकर थाने आई।





धारा 41(1इ4) 379 के तहत आरोपी सुभाष चंद राजवाड़े पिता फुलसाय राजवाड़े उम्र 35 वर्ष ग्राम बिनकरा थाना लखनपुर निवासी को गिरफ्तार करते हुए 17 मई दिन बुधवार को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। लखनपुर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम बिनकरा निवासी सुभाष चंद राजवाड़े पिता फूलसाय राजवाड़े उम्र 35 वर्ष जो ग्राम परसोड़ी कला खाल कछार नदी किनारे गड्ढे से खोदकर इकट्ठा कर रखे गए कोयले को आईसर ट्रेक्टर वाहन क्रमांक सीजी 15 DY 1474 में लोडकर त्रिपाल ढककर अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा था। मुखबिर की सूचना मिलने पर लखनपुर थाना प्रभारी भोज कुमार गुप्ता के द्वारा टीम गठित किया गया। पुलीस टिम ग्राम रजपुरी कला पहुंच युवक सहित कोयला लोड ट्रैक्टर वाहन जप्त किया ।ट्रैक्टर में लगभग 3 टन कोयला लोड था जिसकी अनुमानित कीमत ?30000 बताई जा रही है इस पूरी कार्यवाही में सहायक उप निरीक्षक अरुण गुप्ता आरक्षक देवेंद्र सिंह ,अमरेश दास, रामा शंकर सक्रिय रहे।

## सड़क दुर्घटना में जीजा गंभीर, साले को आई मामूली चोट

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 17 मई 2023 (घटती-घटना)।

शहर से लगे परसा के पास अज्ञात बस ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार जीजा गंभीर रूप से जख्मी हो गया वहीं साले को मामूली चोटें आई है। दोनों बुधवार की सुबह बाइक से अंबिकापुर से रंका अपने घर जा रहे थे।

जानकारी के अनुसार नूरे आलम झारखंड के रंका का रहने वाला है। इसकी शादी लगभग 15 दिन पूर्व हुई है। वह अपने साला के साथ अंबिकापुर नवागढ़ रिश्तेदार के यहां आया था। यहां से बुधवार की सुबह बाइक से दोनों वापस रंका जा रहे थे। रास्ते में कोतवाली क्षेत्र के परसा के पास पीछे से एक अज्ञात बस ने ओवरटेक करने के दौरान टक्कर मार दी। इससे दोनों सड़क पर फेंका गए। दुर्घटना में नूरे आलम गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जबकि इसके साले को मामूली चोट आई है। सूचना पर पहुंची डायल 112 की टीम ने उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती कराया है। स्थिति गंभीर बनी हुई है।

## जिला पंचायत सदस्य और विधायक प्रतिनिधि ने निर्माणाधीन पुल का किया निरीक्षण

» कुड़ेली से केसमा पहुंच मार्ग पर रेण नदी में 2.69 करोड़ की लागत से हो रहा निर्माण

- संवाददाता -
उदयपुर, 17 मई 2023 (घटती-घटना)।

सुदूर वनांचल क्षेत्र ग्राम पंचायत मरेया के आश्रित ग्राम कुंडेली से केसमा पहुच मार्ग पर 2.69 करोड़ की लागत से हो रहे निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण मंगलवार को जिला पंचायत सदस्य राजनाथ सिंह और विधायक प्रतिनिधि राजनाथ सिंह ओमप्रकाश सिंह तथा अन्य लोगों के द्वारा किया गया। पुल निर्माण कार्य का विस्तार से जानकारी लेकर बरसात से पूर्व गुणवत्ता युक्त निर्माण कार्य पूर्ण करने को कहा गया है। जिससे आम जनता को बरसात में आने जाने में किसी प्रकार की परेशानी ना हो।



रेण नदी में उक्त पुल के बन जाने से मरेया केसमा कुडेली के सैकड़ों ग्रामीणों को आवागमन की बेहतर सुविधाएं मिलेंगी तथा किसानों के द्वारा उत्पादित फलों सब्जियों और अन्य चीजों को कम खर्च में बाजार तक पहुंचाने में मदद मिलेगी।

## औषधि विक्रेता संघ के तत्वाधान में सरगुजा केमिस्ट प्रीमियर लीग सीपीएल क्रिकेट मैच का आयोजन

संवाददाता
अम्बिकापुर, 17 मई 2023 (घटती-घटना)।

सरगुजा औषधि विक्रेता संघ के तत्वाधान में सरगुजा केमिस्ट प्रीमियर लीग सीपीएल क्रिकेट मैच का आयोजन स्थानीय गांधी स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ 9 मई को किया गया है। सरगुजा केमिस्ट प्रीमियर लीग सीपीएल 20 मई तक चलेगी। यह एक केमिस्ट परिवार का आयोजन है जिसमें सिर्फ केमिस्ट परिवार के सदस्य ही हिस्सा लिए हुए हैं।

इस सरगुजा केमिस्ट प्रीमियर लीग में केमिस्ट परिवार की 6 टीमों ने हिस्सा लिया है टीम के नाम इस प्रकार है। स्टार केमिस्ट,केमिस्ट किंग,सरगुजा फार्मा हीरोज,संजीवनी वारियर्स, डी0 आर0 एक्स0-11 एवं एस0 बी0एम0 लायन्स।

इस आयोजन को कराने में मुख्य भूमिका सरगुजा औषधि विक्रेता संघ के अध्यक्ष नवीन गोयल, सचिव अजय पाठक,भीम सिंह एवं सुशील राय की है। केमिस्ट प्रीमियर लीग (क्रिकेट मैच) को कराने का मुख्य उद्देश्य सभी केमिस्ट साथियों में आपसी सामंजस्य,तालमेल बढ़ाने और व्यवसाय के कारण खेल व अन्य शारीरिक गतिविधियों से दूर रहने की कमी को दूर करने के लिए किया जा रहा है। इस आयोजन के कारण ही केमिस्ट भाई आपस में मिल पा रहे हैं और इस टूर्नामेंट का आनन्द उठा रहे हैं। अच्छे सौहार्द पूर्वक महौल में हमारा यह आयोजन हमारे उदेश्य को फ लीभूत करता हुआ।अभी तक 6 टीमों ने आपस में 13 मैच खेल चूके हैं वहीं अंक तालिका की बात की जाय तो सबसे अच्छा प्रदर्शन कर प्रथम स्थान पर चल रही डी0आर0एक्स-11 (उदयपुर-लखनपुर की क्षेत्रिय टीम) दूसरे स्थान पर हैं संजीवनी वारियर्स,तीसरे में सरगुजा फार्मा हीरोज, चौथे में केमिस्ट किंग, पाचवें में स्टार केमिस्ट और छठवे नम्बर पर है एस0बी0एम0लायन्स (सीतापुर-बतौली क्षेत्रिय टीम)है।

16 मई 2023 को पहला मैच सरगुजा फ र्मा हीरोज एवं स्टार केमिस्ट के बीच शाम 6 बजे से खेला गया जिसमें सरगुजा फर्मा हीरोज ने टास जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए119 रन बनाकर 120 रनों का लक्ष्य स्टार केमिस्ट को दिया। और सरगुजा फ ार्मा हीरोज ने यह मैच 8 रनों से जीत लिया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच हरीश रहे।

वहीं 16 मई 2023 को दूसरा मुकाबला डी0आर0एक्स-11 एवं एस0बी0एम0लायंस के बीच खेला गया। जिसमें एस0बी0एम0लायंस ने टास जीत कर पहले फील्डींग करने का निर्णय लिया। डी0आर0एक्स-11 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 146 रन बनाये और 147 रनों का लक्ष्य दिया। एस0बी0एम लायंस लक्ष्य का पिछा करते हुए 8 विकेट खोकर सिर्फ 36 रन ही बना पाई और डी0आर0एक्स0-11 ने 110 रनों की बड़ी जीत हासिल की।इस मैच के मैन ऑफ द मैच मोनू यादव रहे।

केमिस्ट प्रीमियर लीग में आज के मैच में हमारे वरिष्ट एवं युवा केमिस्ट साथी उपस्थित थे जिनके नाम इस प्रकार है- अविशान चन्द्र गुप्ता, किशन अग्रवाल,संजीव गोयल,संजय गोयल, शैलेन्द्र गुप्ता, सुद्धांशु गुप्ता, परमानन्द तिवारी, विश्वजीत भरद्वाज, प्रवीण गर्ग,सन्तोष सिंह,राधेश्याम अग्रवाल, प्रकाश श्रीवास्तव, अमित अग्रवाल, भीम सिंह,श्री सुशील राय, प्रवीण गुप्ता,डाक्टर अजय गुप्ता,सुशील मिश्रा,अनुराग त्रिपाठी,संजय गर्ग, देवेश गुप्ता,विकास,तिवारी,अनुराग पाण्डेय विवेक दुबे,महेन्द्र सिंह टुटेजा और शहर के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। वहीं गांधी स्टेडियम में 17 मई 2023 को रात 8 बजे एक ही मैच खेला जायेगा जिसमें केमिस्ट किंग व सरगुजा फ ार्मा हीरोज के बीच मुकाबला होगा।

CMYK

# बाईडन की एशिया-प्रशांत यात्रा में कटौती से अमेरिकी कूटनीति को लगा तगड़ा झटका

**कैनबरा, 17 मई 2023।** राष्ट्रपति जो बाइडन के अचानक अपनी एशिया-प्रशांत क्षेत्र की यात्रा के कार्यक्रम में कटौती करने को फैसले को अमेरिकी कूटनीति के लिए एक जोरदार झटका समझा जा रहा है। अमेरिका में कर्ज सीमा को लेकर चल रहे विवाद के कारण राष्ट्रपति को यह कदम उठाना पड़ा। इसके कारण ऑस्ट्रेलिया में होने वाली क्वाड्रैंगुलर सिक्युरिटी डायलॉग (क्वैड) की शिखर बैठक को रद्द करना पड़ा है। साथ ही इससे बाइडन की बहुचर्चित पापुआ न्यू गिनी की यात्रा भी रद्द हो गई है।

बाईडन ने मंगलवार रात यह एलान किया कि उन्हें अपनी एशिया-प्रशांत क्षेत्र की यात्रा में कटौती करनी पड़ रही है। इसके बाद बुधवार सुबह ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने पुष्टि कर दी कि सिडनी में होने वाली क्वैड बैठक रद्द हो गई है। इसके कुछ देर पहले तक अल्बानीज ने उम्मीद जताई थी कि बाइडन के न आने के बावजूद भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान के प्रधानमंत्री क्वैड शिखर बैठक में शामिल होंगे। लेकिन कुछ ही घंटों में उन्हें इसके विपरीत घोषणा करनी पड़ी।

अब यह संभावना जताई गई है कि जापान के हिरोशिमा में होने जा रहे जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान ही क्वैड के सदस्य देशों के नेता अलग समय निकाल कर बातचीत करेंगे। बाइडन ने एलान किया है कि वे बुधवार को वॉशिंगटन से हिरोशिमा के लिए रवाना होंगे और रविवार को अमेरिका लौट आएंगे।



विश्लेषकों के मुताबिक जिस समय अमेरिका की सामरिक नीति में एशिया-प्रशांत केंद्रीय स्थान दिया गया है, घरेलू मजबूरी के कारण दो महत्त्वपूर्ण कार्यक्रमों को रद्द करना बाइडन प्रशासन के लिए एक करारा झटका है। आशंका है कि इससे अमेरिकी प्राथमिकता को लेकर भरोसे का संकट बढ़ सकता है। अमेरिका ने बाइडन की इस यात्रा को हाई प्रोफाइल बनाने के लिए जी-7 शिखर बैठक और पापुआ न्यू गिनी में उनके कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित अपने सहयोगी कई देशों के नेताओं को आमंत्रित किया था। प्रधानमंत्री मोदी उसके बाद क्वैड की बैठक में जाते। लेकिन अब उन्हें और अन्य नेताओं को जी-7 शिखर बैठक के बाद अपने देश लौटना होगा।

बाइडन ने पापुआ न्यू गिनी में प्रशांत महासागर में स्थित द्वीप देशों के शिखर सम्मेलन को संबोधित करने की योजना बनाई थी। यह किसी भी अमेरिकी राष्ट्रपति की पापुआ न्यू गिनी की पहली यात्रा होती। इस क्षेत्र में हाल के वर्षों में चीन का प्रभाव तेजी से बढ़ा है। बाइडन का मकसद उन द्वीपों की तरफ दोस्ती और सहायता का हाथ बढ़ा कर चीन के प्रभाव को नियंत्रित करना था।

जो बाइडन ने पिछले साल कहा था कि वे प्रशांत क्षेत्र में स्थित द्वीपों में दिखी कूटनीतिक दिशा को बदलने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अब घरेलू तकाजे के कारण उन्होंने अचानक इन देशों के नेताओं से मिलने का कार्यक्रम रद्द कर दिया है। विश्लेषकों के मुताबिक इससे अमेरिका ने इस क्षेत्र में अपने लिए सद्भावना पैदा करने की जो कोशिशें की हैं, उनका असर सीमित हो जा सकता है।

अमेरिका का कर्ज सीमा संकट नाजुक मोड़ पर पहुंचता हुआ नजर आ रहा है। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा है कि अगर इसी महीने कांग्रेस कर्ज सीमा बढ़ाने पर राजी नहीं हुई, तो अमेरिका के लिए ऋण डिफॉल्ट करने तक की नौबत आ सकती है।

## टेक्सास में रहने वाली भारतवंशी महिला की रहस्यमयी हालात में मौत, लापता होने के बाद दूसरे राज्य में मिला शव

**नई दिल्ली, 17 मई 2023।** अमेरिका में रह रही एक 25 वर्षीय भारतवंशी महिला टेक्सास से इसी महीने की शुरुआत में लापता हुई थी। लापता होने के एक दिन बाद ओक्लाहोमा राज्य में लगभग 322 किलोमीटर दूर उसका मृत शरीर पाया गया। लहरी पथिवाड़ा को आखिरी बार मैक्किने उपनगर में अपनी काली टोयोटा चलाते हुए देखा गया था। टेक्सास की वाव समुदाय समूह ने महिला के लापता होने के संदेश को बढ़ाने में मदद की थी। महिला 12 मई को लापता हुई ती और एक दिन बाद ही उसका मृत शरीर पाया गया।




मैक्किने के एक स्थानीय व्यक्ति ने पथिवाड़ा को डलास उपनगर में एल डोराडो पार्कवे और हार्डिन बुलेवार्ड क्षेत्र के आसपास एक काले रंग की टोयोटा चलाते हुए देखा था। 12 मई को दफ्तर से घर न लौटने पर उसके परिवार वाले चिंतित हो गए थे। ओक्लाहोमा में उसके परिवार और दोस्तों द्वारा उसके फोन को ट्रैक किए जाने के बाद पुलिस को कथित तौर पर सतर्क कर दिया गया था।

पथिवाड़ा एक ओवरलैंड पार्क रिजनल मेडिकल सेंटर में काम करती थी। उसके फेसबुक अकाउंट के अनुसार वह उसने कैनसस विश्वविद्यालय से स्नातक किया और ब्लू वैली वेस्ट हाई स्कूल की छात्रा थी।

पथिवाड़ा की अचानक हुई मौत ने उसके परिवार, दोस्तों और समाज को काफी ज्यादा प्रभावित किया है। फिलहाल इस मामले में जांच जारी है।

## हिंसक हुए पेंशन सुधार के खिलाफ प्रदर्शन, उपद्रवियों ने राष्ट्रपति की पत्नी के परिवार पर किया हमला



**नई दिल्ली, 17 मई 2023।** फ्रांस में पेंशन सुधार नीति के खिलाफ इमैनुएल मैक्रों की सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन जारी है। इस प्रदर्शन के बीच राष्ट्रपति मैक्रों की पत्नी ब्रिजेट मैक्रों के भजीते पर हमला किया गया। यह कोई पहली बार नहीं है, इससे पहले भी उनके परिवार को निशाना बनाया जा चुका है।

ब्रिजेट ने इस हमले की निंदा करते हुए कहा- ÷मैं अपने परिवार के साथ हूं। उनके साथ मैं कल रात 11 बजे से लगातार संपर्क में हूं। मैंने कई बार ऐसी हिंसा की निंदा की है, जो केवल बुरे का ही नेतृत्व करता है।÷

30 वर्षीय ज्यां बैप्टिस्ट ट्रॉगने उत्तरी फ्रांस के एमियन्स में पारिवारिक चॉकलेट की दुकान चलाते हैं। बता दें कि ब्रिजेट मैक्रों का परिवार लगातार छह पीढ़ियों से ही चॉकलेट का कारोबार कर रहे हैं।

उनके रिश्तेदार ने बताया कि वह चॉकलेट की दुकान से अपने घर की तरफ जा रहा था तभी हमलावरों ने उस पर हमला कर दिया। उनके पिता ज्यां एलेक्जेंडर ट्रॉगने ने बताया कि भागने से पहले हमलावरों ने राष्ट्रपति, उनकी पत्नी और परिवार वालों के खिलाफ अपशब्द भी कहे।

इस घटना को अस्वीकार्य बताते हुए इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि वह पेंशन सुधार नीति के साथ डटे रहेंगे, जिसमें रिटायर्मेंट आयु 62 से बढ़ाकर 64 करने की मांग की गई है। फ्रांस के अन्य राजनेताओं ने भी इस घटना की निंदा की है।

## क्वाड शिखर सम्मेलन रद्द होने के बावजूद ऑस्ट्रेलिया आएंगे पीएम मोदी, एंथनी अल्बनीज ने की पुष्टि

**मेलबर्न, 17 मई 2023।** अगले सप्ताह ऑस्ट्रेलिया में होने वाले क्वाड शिखर सम्मेलन को रद्द कर दिया गया है। इस बीच, देश के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने बुधवार को कहा कि इसके बावजूद उनके भारतीय समकक्ष नरेंद्र मोदी सिडनी का दौरा करेंगे। अल्बनीज ने कहा कि वह उनका स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। दरअसल, ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री से सवाल किया गया कि 24 मई को सिडनी में क्वाड की बैठक रद्द होने के बाद भी क्या भारतीय प्रधानमंत्री यहां आ रहे हैं।

क्वाड नेताओं के सम्मेलन में अल्बनीज, मोदी, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा को हिस्सा लेना था। अल्बनीज ने ब्रिसबेन में एबीसी रेडियो से कहा, प्रधानमंत्री मोदी मेरे साथ द्विपक्षीय बैठक के लिए अगले सप्ताह यहां आएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी कारोबारी बैठकें भी करेंगे और सिडनी में ओलंपिक स्थल पर होमबुश में एक सार्वजनिक कार्यक्रम की मेजबानी करेंगे।

अल्बनीज ने कहा, वह ऑस्ट्रेलिया-भारत व्यापार संबंधों पर भी बातचीत करेंगे और मैं सिडनी में उनका स्वागत करने को लेकर उत्सुक हूं।हालांकि, उन्होंने संकेत दिया कि जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा बाइडन की घोषणा के मद्देनजर अपनी यात्रा रद्द कर देंगे। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री किशिदा अभी क्वाड बैठक के लिए आ रहे थे। एक अलग द्विपक्षीय कार्यक्रम तय नहीं था। इससे पहले अल्बनीज ने कहा कि क्वाड बैठक रद्द होने के बावजूद प्रधानमंत्री मोदी निश्चित रूप से अगले सप्ताह ऑस्ट्रेलिया में स्वागत योग्य अतिथि होंगे।



### 19 मई से तीन देशों की यात्रा पर पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 मई से तीन देशों की यात्रा पर जाएंगे और इस दौरान वह जापान में जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। जापान की मेजबानी में जी-7 शिखर सम्मेलन के लिए प्रधानमंत्री मोदी 19 से 21 मई तक जापान के हिरोशिमा में रहेंगे। वह जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के निमंत्रण पर जापान की यात्रा पर जा रहे हैं। शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधान मंत्री जी-7 सत्रों को संबोधित करेंगे। अपने संबोधन के दौरान वह दुनिया में शांति, स्थिरता और समृद्धि; खाद्य, उर्वरक और उर्जा सुरक्षा; स्वास्थ्य; लैंगिक समानता, जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण; बुनियादी ढांचा और विकास सहयोग जैसे विषयों पर बोलेंगे। प्रधानमंत्री शिखर सम्मेलन से इतर प्रतिभागी नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे।

### जापान से पापुआ न्यू गिनी जाएंगे मोदी

जापान से प्रधानमंत्री पापुआ न्यू गिनी के पोर्ट मोरेस्बी जाएंगे, जहां वह 22 मई को पापुआ न्यू गिनी के प्रधानमंत्री जेम्स मारापे के साथ संयुक्त रूप से %फोरम फॉर इंडिया-पैसिफिक आइलैंड्स कोऑपरेशन% (एफआईपीआईसी III शिखर सम्मेलन) के तीसरे शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेंगे।

### पापुआ न्यू गिनी का जाने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री

पापुआ न्यू गिनी की किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली यात्रा होगी। 2014 में शुरू किए गए एफआईपीआईसी में भारत और 14 प्रशांत द्वीप देश (फिजी, पापुआ न्यू गिनी, टोंगा, तुवालु, किरिबाती, समोआ, वानुअतु, नियू, फेडरेटेड स्टेट्स ऑफ माइक्रोनेशिया, मार्शल आइलैंड्स रिपब्लिक, कुक आइलैंड्स, पलाऊ, नाउरू और सोलोमन द्वीप) शामिल हैं। विदेश मंत्रालय की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि प्रधानमंत्री मोदी पापुआ न्यू गिनी में द्विपक्षीय वार्ता करेंगे, जिसमें गवर्नर जनरल सर बॉब डाडे और प्रधानमंत्री जेम्स मारापे के साथ बैठकें शामिल हैं।

## क्या सचमुच दुनिया में डॉलर के वर्चस्व को तोड़ने में सफल हो जाएगा चीन?

**वॉशिंगटन, 17 मई 2023।** अमेरिका में कर्ज सीमा संकट और बैंकिंग संकट के कारण अमेरिकी मुद्रा डॉलर की स्थिरता को लेकर बढ़ रहे अंदेशों के बीच चीन ने अपनी मुद्रा युवान को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा बनाने की कोशिशों में पूरी ताकत झोंक दी है। इस बारे में अमेरिकी अखबार वॉशिंगटन पोस्ट ने एक विस्तृत रिपोर्ट छापी है। इसमें इस बात का जिक्र है कि किस तरह हाल में अर्जेंटीना और ब्राजील जैसे बड़े लैटिन अमेरिकी देशों ने चीन के साथ अपने कारोबार का सारा भुगतान युवान में करने का करार किया है।

अर्जेंटीना में घरेलू उपयोग के उपकरणों की खुदरा बिक्री करने वाली सबसे बड़ी कंपनी न्यूसैन फ्रीज, टीवी आदि जैसे उत्पादों का चीन से आयात करके अपने देश में ब्रिक्री करती है। कुछ समय पहले तक वह इन तमाम वस्तुओं के लिए भुगतान डॉलर में करती थी। लेकिन अब उसने सारा भुगतान युवान में करना शुरू कर दिया है। इस कंपनी के सीईओ लुइस गैली ने वॉशिंगटन पोस्ट से कहा- 'युवान तेजी से अंतरराष्ट्रीय व्यापार की मुद्रा बनता जा रहा है। कमजोर देश विकल्पों के बीच चुनाव करने की स्थिति में नहीं होते हैं। हमें मजबूरी में यह करार करना पड़ा।'

अर्जेंटीना की सरकार ने चीन के करेंसी स्वैपिंग (मुद्राओं की अदला-बदली) का समझौता भी किया है। इसके तहत अर्जेंटीना की



कंपनियों के लिए चीन से ऋण के रूप में युवान हासिल करना संभव हो गया है। इस रूप में हासिल युवान से वे अपने आयात का भुगतान कर रही हैं।

वॉशिंगटन पोस्ट के मुताबिक युवान का अंतरराष्ट्रीय कारोबार में उपयोग बढ़े, चीन इस प्रयास में लंबे समय से जुटा हुआ था। लेकिन हाल तक उसे इस मामले में ज्यादा कामयाबी नहीं मिली थी। इसका कारण डॉलर का दुनिया भर में प्रचलन और इसके जरिए कारोबार में आसानी थी। लेकिन अमेरिका में गहराते आर्थिक संकट और यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद रूस पर लगाए गए प्रतिबंधों ने सूरत बदल दी है। इससे दुनिया में युवान की मांग बढ़ गई है।

पिछले महीने ब्राजील सरकार ने एलान किया कि अब वहां की कंपनियां अपने कारोबार का भुगतान युवान में कर सकती हैं। इस वर्ष मार्च में फ्रांस की ऊर्जा कंपनी टोटल एनर्जी ने चीन को किए 65 हजार टन एलएनजी गैस के निर्यात के बदले भुगतान युवान में स्वीकार किया। इसके कुछ हफ्ते पहले ही मास्को स्टॉक एक्सचेंज में युवान सर्वाधिक खरीद-बिक्री वाली मुद्रा बन गया।

इसके बावजूद अर्थशास्त्रियों का मानना है कि निकट भविष्य में युवान डॉलर की जगह ले ले, ऐसी संभावना नहीं है। ऐसा तभी हो सकेगा, जब विभिन्न देश सिर्फ चीन के साथ कारोबार में नहीं, बल्कि आपसी द्विपक्षीय कारोबार में भी बड़े पैमाने भुगतान सेटलमेंट युवान में करने लगेंगे। ऐसा होने के अभी कोई संकेत नहीं हैं।

इसके बावजूद अभी जो ट्रेंड दिखा है, अगर यह जारी रहा, तो देर-सबेर चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग का चीन को विश्व व्यापार में केंद्रीय स्थान दिलवाने का सपना पूरा हो सकता है। अमेरिका के पूर्व खुफिया अधिकारी और थिंक टैंक सेंटर फॉर स्ट्रेटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज में फेलॉ गेरार्ड डिपिप्पो ने कहा है- 'दुनिया में चीन को नए गुटनिरपेक्ष आंदोलन का नेता मानने के बढ़ रहे चलन का फायदा चीन सरकार उठा रही है।'

विश्लेषकों के मुताबिक इस कोशिश से विश्व अर्थव्यवस्था में अभी तक कोई नाटकीय बदलाव नहीं आया है। जिन देशों ने युवान को अपनाया है, ऐसा उन्होंने अपनी मजबूरियों के कारण किया है। मसलन, अर्जेंटीना ने ऐसा विदेशी मुद्रा के संकट से राहत पाने के लिए ऐसा किया है।

## श्रीलंका में लिट्टे के गढ़ में पहुंचा 260 टन वजनी आईएनएस बत्ती मालव, यात्रा का खास है उद्देश्य

**कोलंबो, 17 मई 2023।** भारतीय नौसेना का गश्ती जहाज आईएनएस बत्ती मालव आधिकारिक दौरे पर श्रीलंका के त्रिंकोमाली बंदरगाह पहुंचा है। श्रीलंका की नौसेना ने इसके बारे जानकारी दी है। श्रीलंकाई नौसेना ने बताया कि बत्ती मालव के दो दिवसीय दौरे का उद्देश्य दोनों देशों की नौसेनाओं के बीच सहयोग और सद्भावना को बढ़ावा देना है।

बत्ती मालव के दो दिवसीय दौरे के बारे में श्रीलंकाई नौसेना ने एक बयान भी जारी किया है। इस बयान में द्वीप राष्ट्र की नौसेना ने बताया कि मंगलवार को भारतीय पोत का वहां औपचारिक स्वागत किया गया। इस जहाज के साथ 101 सदस्यीय चालक दल भी श्रीलंका पहुंचा है।

बयान के मुताबिक, इस दौरान जहाज के कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कमांडर मान सिंह एम माने ने श्रीलंका के पूर्वी नौसेना कमान मुख्यालय में पूर्वी नौसेना क्षेत्र के कमांडर और स्वयंसेवी नौसेना बल के कमांडेंट रियर एडमिरल दम्मिका कुमारा से मुलाकात की। इस दौरान दोनों के बीच, दोनों देशों की नौ सेनाओं के बीच सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई।

श्रीलंकाई नौसेना के कार्यक्रमों में शामिल होंगे चालक दल के सदस्य



बयान में यह भी कहा गया है कि आधिकारिक दौरे के दौरान आईएनएस बत्ती मालव के चालक दल के सदस्य दोनों नौसेनाओं के बीच सहयोग और सद्भावना को बढ़ावा देने के लिए श्रीलंकाई नौसेना द्वारा आयोजित कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेगा। साथ ही वे त्रिंकोमाली बंदरगाह में दर्शनीय स्थलों की यात्रा भी करेंगे। गौरतलब है कि त्रिंकोमाली पहले लिबरेशन टाइगर्स ऑफ़ तमिल ईलम का गढ़ था।

### वीबीएसएस ट्रेनिंग में लिया हिस्सा

इस दौरान आईएनएस %बत्ती मालव% के चालक दल ने मंगलवार को त्रिंकोमाली में स्पेशल बोट स्क्वाड्रन मुख्यालय में विजिट बोर्ड सर्च एंड सीज (वीबीएसएस) प्रशिक्षण अभ्यास किया। जानकारी के मुताबिक, भारतीय गश्ती जहाज बुधवार को श्रीलंका से प्रस्थान करेगा। साथ ही इसके श्रीलंकाई नौसेना के जहाज के साथ एक पैसेज एक्सरसाइज(क्क्स्श्वङ्क) में शामिल होने की उम्मीद है।

### बांगरम-श्रेणी का है गश्ती जहाज

गौरतलब है कि आईएनएस बत्ती मालव भारतीय नौसेना के बांगरम-श्रेणी के गश्ती जहाजों का तीसरा जहाज है। इसे तेजी से आगे बढ़ने वाले सतह जहाजों के खिलाफ प्रतिबंध लगाने और तटीय क्षेत्रों और विशेष आर्थिक क्षेत्र में खोज और बचाव कार्यों के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसका वजन 260 टन है जबकि इसकी लंबाई 46 मीटर है। निकोबार के बत्तीमालव द्वीप के नाम पर इसका नाम रखा गया था। इस जहाज को गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स ने डिजाइन और बनाया था।

## दमन का रास्ता अख्तियार कर पाकिस्तान को अस्थिरता में धकेल रही सेना?

**इस्लामाबाद, 17 मई 2023।** पाकिस्तान में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के समर्थकों पर आर्मी एक्ट और ऑफिशियल सीक्रेट एक्ट के तहत कार्रवाई करने के सेना के फैसले पर राष्ट्रीय सुरक्षा समिति (एनएससी) की मुहर लगने के बाद देश में अस्थिरता और अनिश्चय का माहौल गहरा गया है। एनएससी सुरक्षा मामलों में पाकिस्तान की सर्वोच्च समिति है। मंगलवार को इसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की अध्यक्षता में हुई, जिसमें सेनाध्यक्ष जनरल असीम मुनीर सहित तमाम बड़े सेना और खुफिया अधिकारी भी शामिल हुए।

यह बैठक इमरान खान की बीते नौ मई को हुई गिरफ्तारी के बाद देश भर में हुए हिंसक विरोध प्रदर्शनों से पैदा हुई हालत पर चर्चा के लिए बुलाई गई थी। इसके पहले सेनाध्यक्ष ने सेना के कोर कमांडरों के साथ बैठक की थी। बताया जाता है कि उसी बैठक में आर्मी एक्ट और ऑफिशियल सीक्रेट एक्ट लगाने का फैसला हुआ था। एनएससी की बैठक में उस फैसले पर मुहर लगाई गई।

इसके पहले सेना के जन संपर्क विभाग इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में कहा था कि नौ मई को देश के इतिहास में एक काले अध्याय के रूप में याद किया जाएगा। आईएसपीआर ने कहा था- 'राजनीतिक चोगा पहने कुछ लोगों ने सत्ता के लालच में वह कर दिखाया है, जो देश के बाहरी दुश्मन 75 साल में नहीं कर पाए।' तभी इस बात का संकेत मिल गया था कि सेना इमरान खान के समर्थकों पर अब सख्ती से दमन करेगी।

इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद हजारों की संख्या में उनके समर्थक देश भर में सड़कों पर उतर आए थे और उन्होंने खास तौर पर सेना के ठिकानों और उससे जुड़े प्रतीक चिन्हों को निशाना बनाया था। पश्चिम एशिया की वेबसाइट ह्लद्धद्गष्द्धह्वस्रद्यद्ग.ष्४ ने अपनी एक विशेष रिपोर्ट में बताया है कि सेना ने उन लोगों की पहचान करने का विशेष अभियान शुरू किया है, जो सैन्य ठिकानों पर हमलों और आगजनी में शामिल हुए थे। इस काम में नेशनल डेटाबेस एंड रजिस्ट्रेशन ऑथरिटी (एनएडीआरए) की मदद ली जा रही है।



इस बीच इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने कहा है कि जो लोग हिंसा में शामिल थे, वे उसके सदस्य नहीं थे। पार्टी नेताओं ने यह आरोप भी लगाया है कि पीटीआई विरोधी शक्तियों ने कुछ बाहरी लोगों को प्रदर्शनकारियों में शामिल करवा कर हिंसा कराई, ताकि पीटीआई को प्रतिबंधित करने का आधार तैयार हो सके। पीटीआई के महासचिव असद उमर अपनी गिरफ्तारी से पहले वेबसाइट द क्रैडल से बातचीत में आशंका जताई थी कि हिंसा करने वाले लोगों को सरकार की तरफ से भेजा गया था।

लंदन स्थित किंग्स कॉलेज के युद्ध अध्ययन केंद्र में सीनियर फेलॉ और पाकिस्तान के बारे में कई किताबों की लेखिका आयशा सिद्दिकी ने भी ऐसी आशंका जताई है। उन्होंने कहा है कि लाहौर में कोर कमांडर के निवास को जिस तरह बिना हिफाजत के छोड़ दिया गया, उसके पीछे एक मकसद नजर आता है। यह संभव है कि हिंसा को सेनाध्यक्ष जनरल मुनीर के समर्थक गुट ने बढ़ावा दिया। उन्होंने कहा- 'सेना को पीछे खदेड़ कर पीटीआई समर्थक बहुत खुश हुए थे। लेकिन उनकी ये खुशी ज्यादा समय तक टिकने वाली नहीं है।'

जनरल मुनीर के इमरान खान से संबंध तब से खराब रहे हैं, जब इमरान प्रधानंत्री थे। जानकारों के मुताबिक पीटीआई नेताओं और कार्यकर्ताओं के दमन की तैयारी कर ली गई है। लेकिन इससे देश के अस्थिर होने की आशंका और भी गहरा गई है।

# कोल माफियाओं के बाद अब कबाड़ियों के लिए भी सिरदर्द बन सकते हैं सरगुजा आईजी राम गोपाल गर्ग

**सरगुजा आईजी को नहीं पसंद है अवैध कारोबारी व अवैध कारोबार**

- कोल माफिया व कबाड़ियों ने खूब की अवैध कमाई अब कड़क आईपीएस बने सर दर्द
- एसईसीएल चिरमिरी क्षेत्र का पुराना कुरासिया वर्कशॉप में दिनदहाड़े कबाड़ियों का आतंक होगा खत्म

- रवि सिंह-
कोरिया/एमसीबी, 17 मई 2023 (घटती-घटना)।




अविभाजित कोरिया का चिरमिरी, मनेंद्रगढ़ व पटना क्षेत्र कोयला व अवैध कबाड़ का गढ़ बना हुआ था, सरगुजा आईजी के आते ही पहले इसी पर ही अंकुश लगाने का प्रयास किया गया है, अवैध कोयले का कारोबार पूर्णता इस समय बंद है और अब कबाड़ीयों का भी कारोबार पूर्णता बंद होगा जिसके लिए आईजी तैयार हैं। सरगुजा रेंज के आईजी राम गोपाल गर्ग को कोरिया जिला पहले से ही जानता है भले से ही उनका कार्यकाल कोरिया के लिए कुछ महीनों का था पर यह कुछ महीने भी उन लोगों के लिए दिक्कत भरा था जो अवैध कारोबार के बादशाह बने बैठे थे। चिरमिरी क्षेत्र में जहां कोयले का अवैध कारोबार दिनदहाड़े जेसीबी से जारी था उस पर सरगुजा रेंज के आईजी ने जिलों के उच्च अधिकारियों को चेतावनी देकर बंद करा दिया, वही इस क्षेत्र के कबाड़ी अभी भी सक्रिय थे अब इनकी सक्रियता पर भी आईजी का फरमान जारी है नहीं होनी चाहिए कोयले व कबाड़ का अवैध काम।

ज्ञात हो कि एसईसीएल के कर्मचारी वहां भए ग्रस्त होकर ड्यूटी करने पर मजबूर थे दिनदहाड़े झुंड के झुंड धारदार हथियारों के साथ कबाड़ी वहां के कर्मचारियों को डरा धमका कर लोहे के बने कई बड़े-बड़े शेड को काट डाल रहे थे। दिनदहाड़े लगातार चोरी होने के पश्चात भी स्थानीय पुलिस कर्मचारी कुम्भकर्णी नींद में सोए हुई थी, जिसे अब सरगुजा आईजी ने नींद से जगा दिया है और अब उन्हें नींद में भी आईजी साहब की बातें याद आती है, वहीं एसईसीएल के आला अधिकारी अपने एसी वाले कमरे में गर्मी का आनंद लेते हुए नजर आते हैं। यहां के कर्मचारियों पर एक-एक दिन ड्यूटी करना भारी पड़ रहा था। एसईसीएल कर्मचारियों के द्वारा बताया गया कि हमारे ऊपर कभी भी कबाड़ीओं के द्वारा धारदार हथियारों से हमला किया जा सकता है। अगर ऐसा होता है, तो इसका जिम्मेदार कौन होगा? कर्मचारियों के सामने एसईसीएल के बड़े-बड़े शेड को चोरों के द्वारा दिनदहाड़े काटकर ले जाया गया था। लेकिन वहां के कर्मचारी देख कर भी लाचार थे। स्थानीय कर्मचारियों के द्वारा कुरासिया सब एरिया को इस बात की लिखित सूचना दी गई लेकिन आज दिनांक तक इस पर कोई कार्यवाही एसईसीएल प्रबंधक व पुलिस द्वारा नहीं की गई। एसईसीएल प्रबंधक के



द्वारा करोड़ों का लोहा जो एसईसीएल का धरोहर है उसको प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से कबाड़ीओ के हाथों बेच दिया गया। वहीं एसईसीएल सहायक उप सुरक्षा कुरासिया समूह के निरीक्षक सरजू साय के द्वारा पत्रकारों से दूरभाष के माध्यम से चर्चा किया गया तो उनके द्वारा बताया गया कि मेरे द्वारा लिखित तौर पर एसईसीएल के कुरासिया सब एरिया अरुण सिंह चौहान को सूचना दिया गया है। अब आईजी सरगुजा से ही उम्मीद बची है।

### आईजी ने ठाना है अवैध कारोबार बंद कराना है

सरगुजा आईजी ने लगभग ठान लिया है की संभाग में अब अवैध कारोबार पूरी तरह बंद होंगे। बता दें की अवैध कोयले का कारोबार पहले ही आईजी के निर्देश पर बंद कराया जा चुका है वहीं अब आईजी अवैध कबाड़ का भी धंधा बंद कराने में जुटने वाले हैं ऐसी खबरें सामने आ रही हैं। आईजी सरगुजा ने सभी पुलिस अधीक्षकों को स्पष्ट निर्देश दे दिया है की किसी भी हाल में अवैध कारोबार बर्दास्त नहीं किया जायेगा और उसी का पालन सभी जिला अधिकारी कर रहे हैं।

### अविभाजित कोरिया जिला अवैध कोयले सहित अवैध कबाड़ का गढ़ बन चुका है

अवैध कबाड़ और अवैध कोयले का कारोबार संभाग में सबसे बड़े स्तर पर कहीं होता है तो वह अविभाजित कोरिया जिले में होता है यह जगजाहिर है। अविभाजित कोरिया जिले में अवैध कारोबारियों के हौसले इतने बुलंद हैं की वह कालरी कर्मचारियों के जान के भी दुश्मन बनकर अवैध कारोबार करते हैं जिसकी बानगी कई बार देखने को मिली है जब कालरी कर्मचारियों पर जानलेवा हमला भी किया गया। अविभाजित कोरिया जिले में कोयले और कबाड़ के कारोबार में लिप्त लोग कानून को खुलेआम चुनौती देने से भी बाज नहीं आते जो देखा जाता रहा है।

### पुलिस की संलिप्तता भी अवैध कारोबार को बढ़ने में करती रही है मदद

अविभाजित कोरिया जिले के कई पुलिस थाने ऐसे हैं जहां अवैध कबाड़ और कोयले का कारोबार धड़ल्ले से होता चला आ रहा है। अवैध करोबार में पुलिस की संलिप्तता बराबर की रही है इस बात से इसलिए भी इंकार नहीं किया जा सकता क्योंकि दिन में भी यह कारोबार जारी रहता है। बताया तो यह भी जाता है की थानों में महीना तय रहता है और एक एक कर्मचारी का हिस्सा अवैध कारोबारी बड़े ईमानदारी से तय करते हैं और उन्हे हिस्सा देते भी हैं और यही वजह है की पुलिस इन कामों पर अंकुश लगाने की बजाए इसको बढ़ने में मदद करती चली आ रही है।

### जिले का कोयला और कबाड़ बड़ी मात्रा में भेजा जाता है अन्य राज्य

अविभाजित कोरिया जिले से अवैध कोयला और कबाड़ चोरी कर अन्य राज्यों को भेजा जाता है। इस पूरे काम में बड़े बड़े सफेदपोश भी शामिल हैं और वही यह चोरी का काम करते हैं। यह पूरा कारोबार एक वर्ष में करोड़ों का होता है और इसमें शामिल लोग बड़े इत्मीनान से यह काम करते चले आ रहे हैं।

### जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग मिलता चला आ रहा है अवैध कारोबारियों को

अवैध करोबार में लगे हुए लोगों को जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग मिलता चला आ रहा है इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता। अवैध करोबार में जो लोग लगे हुए हैं वह जिसकी भी सत्ता हो उसकी तरफ होकर लगातार अवैध कारोबार करते चले आ रहे हैं। अवैध कारोबारियों को सत्ताधारी दल के नेताओं के सबसे करीब पाया जाता है। जिस दल का भी नेता हो वह उसे अपनी ओर करने में इन्हे हुनर प्राप्त है। आज तक सरकार भले ही बदलती रही हो लेकिन अवैध कारोबारी वही हैं और वह नेताओं के साथ मंचों पर भी लगातार नजर आते हैं। ऐसा लगता है की जनप्रतिनिधियों का अवैध कारोबारियों के बिना काम नहीं चलने वाला और अवैध कारोबारियों का तो बिना नेताओं के काम चलना ही नहीं है।

# जीवनदीप समिति की बैठक के बाद विधायक डॉ. विनय ने ईसीजी मशीन का किया शुभारंभ

**स्वास्थ्य सुविधाओं में लिजाफ़ा के साथ 30 बिस्तर का हमर अस्पताल के बाद निःशुल्क ईसीजी मशीन की मिली सौगात**

- संवाददाता -
चिरमिरी, 17 मई 2023 (घटती-घटना)।

राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डोमन हिल चिरमिरी के जीवन दीप समिति की साधारण सभा एवं सामान्य सभा की बैठक मनेंद्रगढ़ विधायक डॉ. विनय जायसवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें अतिथि के रूप में चिरमिरी नगर निगम की महापौर कंचन जायसवाल, सभापति गायत्री बिरहा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों जीवनदीप समिति के अध्यक्ष सचिव एवं सदस्यों के द्वारा विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई चर्चा उपरांत सभी विषयों पर सार्थक निष्कर्ष निकला ।



बैठक में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने 30 बिस्तर का हमर अस्पताल, निःशुल्क सोनोग्राफी मशीन का शुभारंभ किया एवं अनेकों स्वास्थ्य सेवाओं में वृद्धि हेतु भौतिक सत्यापन, आय व्यय का लेखा-जोखा, सहित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रसव कक्ष में महापौर निधि से एसी लगवाने एवं पार्षद निधि से आईपीडी के लिए एलईडी टीवी प्रदाय करने में सहमति दी गई।

विधायक डॉ. विनय के द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के ईसीजी मशीन का उद्घाटन किया गया एवं निर्देशित किया गया कि यह सुविधा सभी मरीजों के लिए निःशुल्क रहेगी।अन्य कार्यों का भी माननीय विधायक एवं माननीय महापौर द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई अस्पताल प्रबंधन एवं व्यवस्थाओं का सुचारू रूप से संचालन के लिए समय-समय पर जीवनदीप समिति की बैठक की जाती है। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक डॉ विनय जायसवाल, जीवनदीप समिति के अध्यक्ष महापौर श्रीमती कंचन जायसवाल, सभापति श्रीमती गायत्री बिरहा,एल्डरमैन नगर निगम, पार्षद गण नगर निगम, आयुक्त लवीना पांडे नगर निगम, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सुरेश तिवारी शहरी कार्यक्रम प्रबंधक डॉ राकेश वर्मा, जीवनदीप समिति सचिव डॉ निधि चौरसिया,श्री जीडी हुसैन,सुश्री पूर्णिमा तिवारी एवं अस्पताल के अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

# मनेन्द्रगढ़ में वार्डवार क्रिकेट का महासमर आज से

- संवाददाता -
मनेन्द्रगढ़, 17 मई 2023 (घटती-घटना)।



मनेंद्रगढ़ प्रेसीडेंट क्लब द्वारा आयोजित बहुप्रतीक्षित वार्ड स्तरीय मनेंद्रगढ़ कप क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ 18 मई गुरूवार से होगा जिसमें शहर के 22 वार्डों की टीम मिनी स्टेडियम की दूधिया रोशनी में 10 दिनों तक खिताब के लिए जोर-आजमाईश करेंगी। प्रेसिडेंट क्लब के अध्यक्ष अधिवक्ता आशीष सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता का फाइनल मैच 29 मई सोमवार को रंगारंग समारोह के बीच खेला जाएगा।

उल्लेखनीय है कि वार्डवार क्रिकेट प्रतियोगिता वर्ष 2011 से कराई जा रही है जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में खेलप्रेमी दर्शक मैदान में उमड़ते हैं और अब इस प्रतियोगिता ने एक उत्सव का रूप ले लिया है। आतिशबाजी और ढोल-नगाड़ों के बीच खेल प्रतिभाओं को अपना जौहर दिखाने का अवसर प्राप्त होता है। बुधवार को क्लब की बैठक में टूर्नामेंट का फिक्चर रिलीज किया गया।

### उद्घाटन मैच में ये होंगे अतिथि

प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त विधायक गुलाब कमरो, अध्यक्षता नपाध्यक्ष प्रभा पटेल एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक श्यामबिहारी जायसवाल, पूर्व नपाध्यक्ष राजकुमार केशरवानी,भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष लखन लाल श्रीवास्तव, पूर्व नपा अध्यक्ष धर्मेंद्र पटवा, श्री सिद्धबाबा सेवा समिति के अध्यक्ष मनोज कक्कड़, एनएसयूआई प्रदेशाध्यक्ष नीरज पांडेय, वरिष्ठ कांग्रेसी ओमप्रकाश गुप्ता÷बड़कू÷, महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष बबीता सिंह, प्रतिष्ठित व्यवसायी पूर्व भाजपा जिला कोषाध्यक्ष पवन फरमानिया, भाजपा नेता कमल केजरीवाल, कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष अमित पोद्दार, भाजपा जिलाउपाध्यक्ष संजय सिंह, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष मुकेश जायसवाल, जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष नरेंद्रजीत सिंह रैना, सचिव आशीष अग्रवाल, मनोज जैन, पार्षदगण,एम सी बी प्रेस क्लब के सदस्यगण,मनेन्द्रगढ़ पत्रकार संघ के सदस्यगण,मनेंद्रगढ़ प्रेस क्लब के सदस्यगण होंगे।

### रोजाना होंगे 2 मैच

मिनी स्टेडियम में 18 मई से आरंभ होने वाले टूर्नामेंट में रोजाना 2 मैच खेले जाएंगे। पहले दिन केवल एक मैच खेला जाएगा जिसमें भगत सिंह वार्ड क्र. 17 और श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड क्र. 20 की टीम आमने-सामने होंगी। प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मैच आगामी 27 और 28 मई को खेला जाएगा जबकि फाइनल मैच 29 मई सोमवार को रंगारंग समारोह के बीच खेला जाएगा।

# शहर का विकास व आमजन को सुविधाएं दिलवाना ही सर्वोपरि:निगम आयुक्त लवीना पाण्डेय

**महापौर कंचन जायसवाल ने निगम आयुक्त से शहर के विभिन्न विकास कार्यों पर की चर्चा**



- संवाददाता -
चिरमिरी, 17 मई 2023 (घटती-घटना)।

चिरमिरी नगर पालिक निगम की महापौर कंचन जायसवाल ने सोमवार को नगर निगम के पार्षद/एल्डरमैन सहित जनप्रतिनिधियों के साथ महापौर कार्यालयीन कक्ष में नगर निगम की नवनियुक्त आयुक्त लवीना पाण्डेय को नगर निगम चिरमिरी में पदभार ग्रहण के बाद शिष्टाचार मुलाकात कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

महापौर कंचन जायसवाल ने सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों के साथ निगम आयुक्त से क्षेत्र के मूलभूत सड़क, पानी, बिजली, साफ-सफ़ाई निगम के निर्माण कार्य को समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने, राजस्व की वसूली में तेजी, नगर निगम से समय-समय पर शासन को मांग पत्र भेजने जैसे अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की। वही निगम आयुक्त लवीना पाण्डेय ने कहा की जितने भी कार्य बैठक में बताए गए है, उन सभी कार्यों को प्राथमिकता से साथ हल कराया जायगा, उन्होंने आगे कहा कि शहर के विकास कार्यो को गति प्रदान करना ही मेरी पहली प्राथमिकता होगी। शहर का विकास व आमजनों को बेहतर सुविधाएं पहुँचाना ही मेरे लिए सर्वोपरि होगा।

# अधीनस्थ लेखा सेवा संवर्ग मे कुल 40 प्रतिशत पद कोषालय कर्मचारियों के लिए किया जाए आरक्षित:राहुल मिश्रा

- कोषालय कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री समेत वित्त सचिव व संचालक कोष लेखा पेंशन को भेजा पत्र
- विभाग द्वारा 90 प्रतिशत पद पीएससी के माध्यम से भरे जाने की हुई अनुसंशा का विरोध

- संवाददाता -
कोरिया 17 मई 2023 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ प्रदेश कोषालयीन शासकीय कर्मचारी संघ ने विभाग में कार्यरत लिपिकों के हित में एक बार फिर आवाज बुलंद किया है,संघ द्वारा विभागीय लिपिको के लिए कुल 40 प्रतिशत पद आरक्षित करने की मांग की गई है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ जितेन्द्र सिंह ठाकुर एवं प्रांतीय महामंत्री दीपक देवांगन के आह्वान पर संघ के कोरिया जिलाध्यक्ष राहुल मिश्रा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री समेत वित्त विभाग के सचिव एवं संचालक कोष लेखा एवं पेंशन को पत्र प्रेषित कर अपनी मांगो से अवगत कराया है।

प्रेषित ज्ञापन में संघ के जिलाध्यक्ष राहुल मिश्रा ने उल्लेख किया है कि पूर्व में प्रदेश कोषालयीन शासकीय कर्मचारी संघ द्वारा मांग की गई थी जो आज दिनांक तक अपेक्षित है। वर्तमान में छत्तीसगढ लोक सेवा आयोग के माध्यम से 50 प्रतिशत सीधी भर्ती तथा अन्य विभागों के कर्मचारियों के माध्यम से 35 प्रतिशत विभागीय कोषालयीन कर्मचारियों के लिए अधीनस्थ लेखा परीक्षा के माध्यम से 10ऱ एवं कोषालयीन कर्मचारियों के लिए विभागीय पदोन्नति हेतु 5 प्रतिशत पद आरक्षित किया गया है। जिसका छत्तीसगढ प्रदेश कोषालयीन शासकीय कर्मचारी संघ घोर विरोध करता है। जिलाध्यक्ष ने लिखा है कि वर्ष 2012 के पूर्वछत्तीगसढ लोक सेवा आयोग के माध्यम से 30 प्रतिशत सीधी भर्ती से अन्य विभाग के कर्मचारियों के माध्यम से 30 प्रतिशत विभागीय कोषालयीन कर्मचारियों की पदोन्नति हेतु 10 प्रतिशत तथा कोषालयीन कर्मचारियों द्वारा अधीनस्थ लेखा सेवा परीक्षा के माध्यम से 30 प्रतिशत पद आरक्षित किया गया था। संघ द्वारा ज्ञापन देने के उपरांत पूर्व में ज्ञात हुआ है कि अधीनस्थ लेखा सेवा की परीक्षा समाप्त कर छत्तीसगढ लोक सेवा आयोग के माध्यम से 90 प्रतिशत



तथा विभागीय पदोन्नति से 10 प्रतिशत पदों को भरने हेतु शासन को संचालक,कोष लेखा एवं पेंशन द्वारा अनुसंशा किया गया है, जो कि न्याय संगत नही है। जिलाध्यक्ष ने लिखा है कि वित्त विभाग में अधीनस्थ लेखा सेवा परीक्षा से अन्य विभाागों के कर्मचारियों को भी बराबर प्रतिभागिता का अवसर प्राप्त हो जो कि न्यायसंगत नही है। चुंकि अन्य कई ऐसे विभाग हैं (जैसे राजस्व,वाणिज्यिक कर,परिवहन,गृह,सहकारिता एवं अन्य विभाग) जहां वरिष्ठ पदों पर जाने हेतु विभागीय कर्मचारियों को पदोन्नति एवं परीक्षा के माध्यम से 50 प्रतिशत पद आरक्षित होता है। संबंधित विभाग के कर्मचारी को ही सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त होता है तथा अन्य विभाग के कर्मचारियों हेतु पूर्णतःप्रतिबंध है। ऐसी स्थिति में वित्त विभाग की अधीनस्थ लेखा सेवा की परीक्षा में अन्य विभागों के कर्मचारियों को अवसर दिया जाना पूर्णतः अन्याय एवं कर्मचारी विरोधी है। विभाग द्वारा शासन को जो प्रस्ताव प्रेषित किया गया है, यदि शासन द्वारा वह प्रस्ताव स्वीकृत कर लिया जाता है तो निश्चित रूप से कोषालयीन कर्मचारियों को प्राप्त होने वाले अवसर समाप्त होंगे। जिससे कोषालयीन कर्मचारियों पर घोर निराशा एवं रोष व्याप्त होगा। कोषालयीन कर्मचारी नियुक्ति तिथि से शासन के आय-व्यय लेखा का संधारण, देयक परीक्षण एवं पारित इत्यादि समस्त प्रकार के वित्तीय विषयों पर पूरी गंभीरता का परिचय देते हुए कार्य संपादित करते हैं। जिसके कारण वे उक्त कार्य में पूर्णतःदक्ष हैं। इस कारण अधीनस्थ लेखा सेवा में अवसर प्रदान करने से विभाग एवं शासन को ऐसे कर्मचारियों के कार्य का अनुभव निश्चित ही लाभप्रद होगा,जिससे कर्मचारी भविष्य में प्राप्त होने वाले अवसर की अपेक्षा में अधिक उर्जा एवं उत्साह के साथ कार्य करने में सहायक सिद्व होंगे। पत्र में लिखा गया है कि अवगत उक्त विषय को अमल करने से शासन को किसी भी प्रकार का वित्तीय भार नही आएगा। प्रत्येक कोषालयीन कर्मचारी यह अपेक्षा रखता है कि अपने विभागीय परीक्षा एवं पदोन्नति के माध्यम से अधीनस्थ लेखा सेवा में उन्हे आगे बढने एवं अपनी आर्थिक एवं अस्मिता को मजबूती मिले साथ ही अपने सामाजिक पृष्ठभूमि को भी मजबूत करे। जैसे अन्य विभागों के कर्मचारियों को अपने विभागीय उच्च पदों पर पदोन्नति का लाभ प्राप्त होता है। संघ द्वारा मांग किया गया है कि छत्तीसगढ लोक सेवा आयोग के माध्यम से 60 प्रतिशत सीधी भर्ती से विभागीय कोषालयीन कर्मचारियों की पदोन्नति के माध्यम से 20 प्रतिशत तथा अधीनस्थ लेखा सेवा परीक्षा के माध्यम से 20 प्रतिशत पद आरक्षित किया जाए तथा अन्य विभागों के कर्मचारियों को अधीनस्थ लेखा सेवा परीक्षा में किसी भी रूप में भर्ती का संघ पूर्णरूपेण विरोध करता है और अन्य विभागों के कर्मचारियों को अधीनस्थ लेखा सेवा परीक्षा में सम्मिलित होने के अवसर को पूर्णतःसमाप्त करने की मांग की गई है।

# भाजपा पूर्व मंडल महामंत्री रामचरित ने उप संचालक कृषि कार्यालय की स्थापना में प्रदेश सरकार पर भेदभाव का लगाया आरोप

- संवाददाता -
मनेन्द्रगढ़, 17 मई 2023 (घटती-घटना)।

उप संचालक कृषि कार्यालय की स्थापना में प्रदेश सरकार पर भेदभाव का आरोप लग रहा है, प्रदेश के सभी पुराने कार्यालयों में सहायक संचालक कृषि के 3-3पद स्वीकृत हैं, लेकिन पांचो नये जिले के लिए मात्र एक -एक पद स्वीकृत किया गया है. उक्ताशय का बयान जारी करते हुये भाजपा के पूर्व मंडल महामंत्री रामचरित द्विवेदी ने कहा है कि छत्तीसगढ़ शासन कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर द्वारा संचालक कृषि इंद्रावती भवन नया रायपुर को एक पत्र जारी किया गया है जिसमें छत्तीसगढ़ के पांचों नवीन जिलों में उप संचालक कृषि की स्थापना हेतु पद संरचना की स्वीकृति दी गई है, इस आदेश में नवीन जिला सक्ति,मनेंद्रगढ़ चिरमिरी,भरतपुर, सारंगढ़ - बिलाईगढ़,मोहला- मानपुर-अंबागढ़ चौकी तथा खैरागढ़- छुईखदान मडई में उप संचालक कृषि कार्यालय की स्थापना हेतु प्रति कार्यालय 16 पदों के मान से कुल 80 पदों के पद संरचना स्वीकृत की गई है. इस आदेश में नए जिले में सहायक संचालक कृषि के एक-एक पद स्वीकृत किए गए हैं जबकि पूर्व के जिलों में सहायक संचालक कृषि के तीन-तीन पद स्वीकृत हैं,इसी तरह वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के पदों में भी की कटौती की गई है, बड़ा सवाल यह है कि आखिर नये जिलों में पद संरचना में पद क्यों कम किये जा रहे, इस संबंध में श्री द्विवेदी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र प्रेषित करते हुए पूर्व के जिलों की तरह सभी नए जिलों में पदों की स्वीकृति करने का अनुरोध किया है।



CMYK

# तो क्या भाजपा जिलाध्यक्ष ने पार की गुटबाजी की चरम सीमा?



11 मई 2023 को देवेंद्र तिवारी अपने गुट के साथ फिल्म देखने पहुंचे।




12 मई 2023 को दोपहर में भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल अपने गुट के साथ फिल्म देखने पहुंचे



12 मई 2023 को शाम को पूर्व कैबिनेट मंत्री भैयालाल राजवाड़े इन दोनों से अधिक संख्या के साथ फिल्म देखने पहुंचे

- » फिल्म केरला स्टोरी के नाम पर भाजपा नेताओं ने किया शक्ति प्रदर्शन और जाहिर कर दी गुटबाजी को
- » बैकुंठपुर स्थित गंगा श्री सिनेप्लेक्स में अलग-अलग गुटो में पहुंचे थे नेता
- » पूर्व मंत्री भैयालाल राजवाड़े और भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल के बाद देवेन्द्र तिवारी ने भी दिखलाई अपनी ताकत
- » पार्टी में गुटबाजी अब जमीन स्तर पर दिखलाई देने लगी,चुनाव पर पड़ेगा असर

- रवि सिंह-
बैकुंठपुर, 17 मई 2023
(घटती-घटना)।

पिछले कई महीने से खबर प्रकाशन कर बतलाया जा रहा है कि कोरिया जिला और खासकर बैकुंठपुर में भारतीय जनता पार्टी भारी गुटबाजी से जुझ रही है, पहले एक साथ चलने वाले नेता अब विधानसभा दावेदारी के बाद अलग-अलग दिखलाई दे रहे हैं, बैकुंठपुर क्षेत्र में जितने नेता है उतने गुट हो चुके हैं,पार्टी मे गुटबाजी अब जमीनी स्तर पर नजर आने लगी है, इसका नजारा बैकुंठपुर स्थित सिनेप्लेक्स में फिल्म देखने के बहाने बीते दिनों में देखने को मिला है। सबसे पहले भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने फिल्म केरला स्टोरी के बहाने शक्ति प्रदर्शन किया तो इस सिलसिले को आगे बढाते हुए रविवार को अलग-अलग समय पर पूर्व मंत्री भैयालाल राजवाड़े और भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल अपने अपने समर्थकों को लेकर फिल्म देखने पहुंचे, इनके बाद दोबारा सिनेप्लेक्स पहुंचकर देवेन्द्र तिवारी ने शक्ति प्रदर्शन का प्रयास किया। भाजपा नेताओं के द्वारा इस प्रकार शक्ति प्रदर्शन से अब उनकी खुद किरकिरी हो रही है, यही स्थिति रही तो आने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है पार्टी यहां छिन्न भिन्न हो चुकी है और यह कहने में कोई अतिश्योक्ति नही है कि गुटबाजी का सारा श्रेय भाजपा जिलाध्यक्ष को जाता है। उनके कार्यकाल में पार्टी की स्थिति काफी दयनीय हो गई है।

### फिल्म के बहाने राजनीति और शक्ति प्रदर्शन

द केरला स्टोरी फिल्म को लेकर जिस प्रकार की स्थिति कोरिया में देखने को मिली है शायद ही प्रदेश के किसी अन्य जिले या दूसरे प्रांतो में यह स्थिति बनी हो। फिल्म देखने और दिखाने के लिए वही नेता सामने आए जिनके द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव के लिए दावेदारी की जा रही है। सबसे पहले अपने चंद समर्थको के साथ भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी फिल्म देखने गए उसके बाद एक ही दिन अलग-अलग शो में एक ही दिन पूर्व मंत्री भैयालाल राजवाड़े और भाजपा जिलाध्यक्ष ने फिल्म देखा। फिल्म देखने के पहले खूब फोटोग्राफी की गई और सोशल मीडिया में एक दूसरे गुट को नीचा दिखलाते हुए पोस्ट किया गया। फिल्म के बहाने राजनीति और शक्ति प्रदर्शन की चर्चा ने जोर पकड़ लिया है।

### कौन कितने संख्या में गया फिल्म देखने

रविवार को फिल्म देखने पूर्व मंत्री भैयालाल राजवाडे के साथ तमाल बड़े नेता नजर आए उनके साथ भाजयुमो के पूर्व जिलाध्यक्ष अंचल राजवाड़े भी पूरे दमखम के साथ दिखलाई दिए,पूर्व मंत्री के समर्थको ने दावा किया कि उनके द्वारा 550 लोगो के साथ फिल्म देखा गया। इसी दिन भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल भी भाजयुमो जिलाध्यक्ष के नेतृत्व मे फिल्म देखने गए लेकिन उनकी ओर से संख्या का बखान नही किया हां इतना जरूर था कि दोनो नेता अलग अलग कार्यकर्ताओं को लेकर फिल्म देखने पहुंचे जिससे कि गुटबाजी अब खुलकर सामने आ गई है।

### दूसरे दिन देवेन्द्र तिवारी ने 600 लोगो को फिल्म दिखलाने का दावा किया

एक दिन पहले पूर्व मंत्री भैयालाल राजवाड़े के नेतृत्व में 550 लोगो को फिल्म दिखाने का दावा किया गया लेकिन यह दावा भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी और उनके समर्थको को नागवार गुजरा,देखते ही देखते एक बार फिर सोमवार को 550 की संख्या पार करते हुए 600 लोगो को फिल्म दिखलाने का दावा देवेन्द्र तिवारी और उनके समर्थको के द्वारा किया गया। सोशल मीडिया में नेताओं के समर्थक एक दूसरे को नीचा दिखाने की कोशिश भी सोशल मीडिया में करते नजर आ रहे हैं।

### भाजपा जिलाध्यक्ष अब भाजयुमो जिलाध्यक्ष के साथ मिलकर कर रहे गुटबाजी

संगठन-संगठन का माला जपने वाले कोरिया भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल के सगे भाई विपिन बिहारी जायसवाल भी फिल्म देखने पूर्व मंत्री भैयालाल राजवाड़े के साथ नजर आए, पूर्व में जिलाध्यक्ष द्वारा दूसरे बड़े नेताओं को सार्वजनिक स्थलो पर गुटबाजी करने का आरोप लगाया जा रहा था लेकिन कालरी की नौकरी से रिटायरमेंट के बाद अब उनके द्वारा खुद को विधानसभा का दावेदार समझा जा रहा है, और इसके लिए अपना एक अलग गुट तैयार किया जा रहा है। जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल द्वारा अपने मन मुताबिक भाजयुमो जिलाध्यक्ष की नियुक्ति की गई है,और भाजयुमो जिलाध्यक्ष को साथ लेकर ही गुटबाजी करते हुए जिलाध्यक्ष को देखा जा रहा है।

### देवेन्द्र तिवारी का गुट अब जिलाध्यक्ष के साथ

पूर्व में जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल और पूर्व मंत्री भैयालाल राजवाड़े एक ही गुट के माने जा रहे थे लेकिन भाजयुमो जिलाध्यक्ष के मामले में अब दोनो नेता अलग-अलग हो चुके हैं यह सार्वजनिक कार्यक्रमों में भी देखने को मिल रहा है। दोनो नेताओं के बीच बढी दूरी का फायदा बहुत ही चतुराई से भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी उठाते नजर आ रहे हैं,बतलाया जाता है कि मौके का फायदा उठाते हुए श्री तिवारी अब अपने समर्थको के साथ जिलाध्यक्ष के गुट में शामिल हो चुके हैं कभी जिलाध्यक्ष के पीठ पीछे बुराई करने वाले देवेन्द्र तिवारी समर्थक कार्यकर्ता भी अब जिलाध्यक्ष का गुणगान करते नजर आने लगे हैं।

### संख्या को लेकर दावे में कितनी सच्चाई

भाजपा नेताओं द्वारा फिल्म देखने के बहाने शक्ति प्रदर्शन किया गया है यह स्पष्ट दिखलाई दे रहा है। पहले पूर्व मंत्री के नेतृत्व में 550 लोगो को फिल्म दिखाने का दावा और उसके बाद देवेन्द्र तिवारी के नेतृत्व में 600 लोगो को फिल्म दिखाने का दावा किया गया है। दावे में कितनी सच्चाई है यह तो भाजपा के नेता ही बतला सकते हैं लेकिन इस प्रकार की गुटाबाजी देखने के बाद लोगो का यही कहना है कि काश भाजपा के नेता प्रदेश सरकार और स्थानीय विधायक के मुद्दे पर कोई प्रदर्शन सड़क पर उतर कर करते तो बेहतर था। भाजपा नेता अपनी अपनी राजनीति चमकाने के लिए फिल्म का सहारा ले रहे हैं इससे जनता का क्या भला होने वाला है। आम जन के लिए यदि भाजपाई सड़क पर उतरते तो इसका लाभ भी पार्टी को मिलता लेकिन इस प्रकार की राजनीति करने से भाजपा नेताओं की किरकिरी हो रही है। देवेन्द्र तिवारी समर्थक कार्यकर्ता फिल्म में भीड़ लेजाकर खुद का पीठ थपथपाने और सोशल मीडिया में श्री तिवारी को हीरो बनाने से भी पीछे नही हट रहे हैं। गौ सेवक अनुराग दुबे ने भी इस प्रकार की गुटबाजी को लेकर सोशल मीडिया में खुलकर अपनी बात रखी है।

### गुटबाजी से पार्टी को हो रहा नुकसान,प्रदेश नेतृत्व ने मूंदी आंखे

कोरिया जिले में भारतीय जनता पार्टी की गुटबाजी अब खुलकर सामने दिखलाई दे रही है,पहले सारे बड़े नेता संगठन से बंधे होने और मुखिया के साथ कदम से कदम मिलाकर साथ चला करते थे लेकिन अब ऐसी स्थिति निर्मित हो गई है कि खुद को सर्वे सर्वा समझने वाले जिलाध्यक्ष की करतूत की कारण गुटबाजी की चरम सीमा पार हो गई है। जिलाध्यक्ष खुद गुटबाजी कराते हुए नजर आ रहे हैं जिससे कि पार्टी का ही नुकसान हो रहा है। समझ से परे यह है कि इस बात से प्रदेश नेतृत्व ने भी अपनी आंख बंद कर लिया है जिससे कि भाजपा नेता आउट आफ कंट्रोल हो गए हैं।

### अब अलग नजर आने लगे पूर्व मंत्री और भाजपा जिलाध्यक्ष

एक समय था जब पूर्व मंत्री भैयालाल राजवाड़े और भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल अन्य नेताओं को दरकिनार कर एक साथ चला करते थे लेकिन बीच में अंचल राजवाड़े को भाजयुमो जिलाध्यक्ष पद से हटाये जाने के बाद दोनो ही नेताओं के मध्य खासी दूरी बन गई है इसलिए अब दोनो नेता एक साथ दिखलाई नही देते। हां इतना जरूर है कि पूर्व मंत्री अपने साथ पुराने वरिष्ठ भाजपाईयों को लेकर चल रहे हैं तो वहीं जिलाध्यक्ष अपने साथ भाजयुमो के जिलाध्यक्ष को लेकर राजनीति करते नजर आ रहे हैं।

### कुछ कार्यकर्ताओ के साथ गाली गलौज की खबरे भी

सूत्रों की माने तो फिल्म देखने के बहाने राजनीति कर रहे भाजपा नेता अब एक दूसरे के समर्थकों के साथ किसी भी हद तक गुजरने को तैयार हैं। सूत्रों ने बतलाया कि पूर्व मंत्री के साथ फिल्म देखने की बात को लेकर एक जिम्मेदार पदाधिकारी के द्वारा कुछ कार्यकर्ताओ को काफी भला बुरा भी कहा गया है जो कि काफी निंदनीय है।

### कई कार्यकर्ताओं को रास नही आ रहा पार्टी में गुटबाजी

भाजपा में कई ऐसे नेता और कार्यकर्ता हैं जो कि पार्टी के लिए समर्पित हैं। संगठन का मुखिया कोई हो ऐसे कार्यकर्ताओं के लिए एक आदेश ही काफी होता है लेकिन वर्तमान जिलाध्यक्ष के कार्यकाल मे जिस प्रकार का माहौल बना हुआ है उससे समर्पित कार्यकर्ता भी काफी रूष्ट हैं कई कार्यकर्ताओं ने राजधानी में बड़े नेताओं से संपर्क कर पार्टी की वास्तविक स्थिति से अवगत कराने की बात भी कही है।

# जिले के न्यू कोरबा हॉस्पिटल प्रबंधन द्वारा मरीज के इलाज में लापरवाही




- राजा मुखर्जी-
कोरबा, 17 मई 2023
(घटती-घटना)।

शिकायतकर्ता गिरधारी लाल नामदेव ने बताया कि 11 अप्रैल को कुसमुंडा खदान परिसर में कोल माफियाओं द्वारा उसके साथ मारपीट की गई थी और आरोपी उसे मरा हुआ समझकर छोड़कर भाग गए थे जिसके बाद पीड़ित के परिजनों द्वारा न्यू कोरबा हॉस्पिटल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था जिसका इलाज कई दिनों तक चला इसी बीच एनकेएच के डॉक्टरों द्वारा पीड़ित को जबरन डिस्चार्ज कर दिया गया और पीड़ित के परिजनों द्वारा मना करने पर भी उसका पूरा इलाज नहीं किया गया बल्कि अभद्र व्यवहार करते हुए यहां कोई धर्मशाला नहीं खुला है और हॉस्पिटल से छुट्टी करा दी गई घर जाने के बाद कुछ दिन आराम करने के बाद पीड़ित के पैर एवं शरीर के अन्य हिस्सों में दर्द होने पर बिलासपुर अपोलो हॉस्पिटल में मेडिकल चेकअप कराया गया जिसमें पता चला कि पैर के पास एड़ी की हड्डी टूटी हुई है जिसमें जानबूझकर एनकेएच द्वारा लापरवाही पूर्वक जानबूझकर छुपाया गया जिसका इलाज पीड़ित द्वारा अन्य हॉस्पिटल में करवाया जा रहा है मामले में पीड़ित ने एमकेएच हॉस्पिटल के ऊपर जान से खिलवाड़ करने के आरोप लगाते हुए एनकेएच के ऊपर दंडात्मक कार्यवाही की मांग की है।

# उच्च रक्तचाप से बचाव के लिए खानपान और जीवनशैली में बदलाव आवश्यकः डॉक्टर एस एन केसरी

- संवाददाता -
कोरबा, 17 मई 2023
(घटती-घटना)।

हाइपरटेंशन के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रतिवर्ष 17 मई को विश्व उच्च रक्तचाप दिवस मनाया जाता है। हाइपरटेंशन किसी भी उम्र के लोगों को हो सकता है। हाई ब्लड प्रेशर या हाइपरटेंशन का खतरा महिलाओं से ज्यादा पुरुषों में होता है। इसके अलग अलग कारण हो सकते है जैसे फैमिली हिस्ट्री, तनाव. गलत खानपान और लाइफस्टाइल आदि। इससे बचने के लिए न केवल डाइट और लाईफ स्टाईल पर ध्यान देने की जरूरत है बल्कि तनाव को कम करना और शरीर को सक्रिय बनाए रखना बेहद जरूरी है। दिनांक 17 मई 2023 को जिले में विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के अवसर पर समस्त विकासखण्ड स्तर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर तथा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों (हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर) में उच्च रक्तचाप से संबंधित बीमारियों के रोकथाम से संबंधित जागरूकता लाने हेतु कार्यक्रम आयोजित किए गए। सभी स्वास्थ्य केन्द्रों उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह बीमारी के संबंध में तथा उससे बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी गई तथा उच्च रक्चाप तथा मधुमेह की स्क्रीनिंग भी की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एस एन केसरी ने बताया कि उच्च रक्तचाप को साइलेंट किलर कहा जाता है। शरीर की धमनियों या मुख्य रक्त वाहिकाओं की दीवारों पर रक्त प्रवाहित करने से उत्पन्न बल को रक्तचाप के रूप में जाना जाता है। जब ब्लड प्रेशर बहुत ज्यादा बढ़ जाता है तो उसे हाइपर टेंशन कहते है। यह धीरे-धीरे शरीर में बढ़ता है, जिससे विभिन्न हृदय संबंधी विकार जैसे मायोकार्डियल इनफक्शन, स्ट्रोक, हार्टफेलियर का विकास होता है। मोटापा, धुम्रपान या स्मोकिंग, शराब का सेवन असंतुलित आहार तनाव या डिप्रेशन तथा, शारीरिक गतिविधियों में कमी उच्च रक्तचाप के की समस्या को जन्म दे सकते हैं। हालांकि हाईपरटेशन के लक्षणों का पहचानना थोड़ा मुश्किल हो सकता है लेकिन इसके बावजूद कुछ ऐसे संकेत हैं जिनके द्वारा उच्च रक्तचाप की समस्या को देखा जा सकता है- जैसे अत्यधिक सर दर्द होना, छाती में दर्द होना, स्पष्ट दिखाई ना देना, बेचौनी या घबराहट होना, सांस फूलना थकान महसूस होना है। इसलिए चाहिए की प्रत्यक व्यक्ति को 40 वर्ष की उम्र के बाद नियमित तौर पे हेल्थ चेकअप करवाते रहना चाहिए जिसके लिए किसी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में जद्धकर मुफ्त में जांच का लाभ लिया जा सकता है जिससे होने वाले गंभीर बीमारियों से पहले ही आगाह होते हुए बचा जाए।




# दुर्घटना बहुल मुख्य सड़क को महापौर ने कराया सीधा

- संवाददाता -
चिरमिरी, 17 मई 2023
(घटती-घटना)।

नवीन जिला मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर के अंतर्गत आने वाले नगर पालिक निगम चिरमिरी के हृदय स्थली हल्दीबाड़ी के भारत गैस गोदाम ऑफिस के सामने मुख्य सड़क पर अंधे मोड़ के कारण कई ऐसी दुर्घटनाएं होती रही है। जिसके कारण से आवागमन करने वाले लोगों को अनेक दिक्कतों का सामना करना पड़ता था जिसको लेकर स्थानीय प्रशासन नगर पालिक निगम चिरमिरी ने इस अंधे मोड वाली सड़क को सीधा करने का एक मुहिम उठाया हालांकि इस मुहिम में सीधी सड़क बनाने के लिए ममता सिंह नाम की एक महिला ने आपत्ति दर्ज करते हुए कहा कि जिस जमीन को काटकर सीधा करने की बात कही जा रही है उस जमीन पर हमारा 80 साल से कब्जा एवं उसकी मै पट्टा धारक हूं हालांकि अनेक वाद विवाद होने के बाद जनहित भावनाओं को ध्यान में रखते हुए जहां एक तरफ आपसी तालमेल में ममता सिंह ने जन भावनाओं की कद्र करते हुए कुछ भूमि को मुख्य मार्ग को सीधा करने के लिए प्रशासन का सहयोग किया वहीं दूसरी ओर नगर निगम प्रशासन ने भी उनकी भूमि पर रिटेनिंग वॉल निर्माण करने की बात कही और उनकी जमीन को सुरक्षित भूमि बनाने की बात भी कही इस पूरे सड़क सीधी करण में चिरमिरी तहसीलदार शशि शेखर मिश्रा के साथ नगर निगम प्रशासन के मुख्य कार्यपालन अभियंता बीके सिंह की अहम भूमिका रही साथ ही चिरमिरी के इस मुख्य मार्ग को दुर्घटना मुक्त बनाने के लिए जहां महापौर कंचन जायसवाल ने अपनी ततपरता दिखाई वही उनके साथ नगर निगम प्रशासन एवं स्थानीय प्रशासन की भी अहम भूमिका रही। मौके पर उपस्थित तहसीलदार चिरमिरी शशि शेखर मिश्रा ने बताया कि शहर को दुर्घटना मुक्त बनाने में महापौर चिरमिरी एवं नगर पालिक निगम का यह कार्य काफी सराहनीय है ताकि राहगीरों को दुर्घटना से बचाया जा सके।




**कार्यालय प्राचार्य,राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा,छत्तीसगढ़**

off.Tel.No.07774-230921,9425257192,E-mail-rgpg.apur1960@gmail.com,www.rgpgcapur.in

क्रमांक/150/निविदा/2023 अम्बिकापुर, दिनांक 15/05/2023

**निविदा-आमंत्रण**

महाविद्यालय के स्वशासी प्रकोष्ठ हेतु उत्तरपुस्तिका का मुद्रण किया जाना प्रस्तावित है। स्वशासी प्रकोष्ठ हेतु निविदा दिनांक 31/05/2023 को कार्यालयीन समय तक पंजीकृत/स्पीडपोस्ट/कोरियर द्वारा आमंत्रित किया जाता है। निविदा की राशि लगभग रू0 03.00 लाख होगी।
निविदा का आवेदन पत्र एवं नियम एवं शर्ते महाविद्यालय की वेबसाईट www.rgpgcapur.inसे डाउनलोड कर रू0 100.00 के डी0डी0 के साथ जमा किया जा सकता है। उक्त संबंध में समसत जानकारी महाविद्यालय के वेबसाईट पर उपलब्ध है।

(डॉ0 रिजवान उल्ला)
प्राचार्य
रा.गां.शास. स्नातकोत्तर महाविद्यालय
अम्बिकापुर,जिला-सरगुजा

जी.नं.-01236/1



**नाम परिवर्तन**

मै सपना केवट (Sapna Kewat) उर्फ रूकमणि केवट (Rukmani Kewat) पिता राम दयाल केवट Age 26 years address- Namnakala,Infront of New shiv mandir maulvi Bandh,Ambikapur, Thana & Tahshil-Ambikapur, Distt.-Surguja,Chhattisgarh यह घोषणा करती है कि मेरा नाम रूकमणि केवट था,जिसे परिवर्तित कर नया नाम सपना केवट (Sapna Kewat) है अतः आज दिनांक 17.05.2023 से मुझे समस्त शासकीय एवं अर्धशासकीय दस्तावेजों में मेरा नया नाम सपना केवट (Sapna Kewat) आ0 राम दयाल केवट से जाना पहचाना व पढ़ा जावे।

शपथकर्ता
(SAPNA KEWAT
सपना केवट आ0 राम दयाल केवट
Address- Namnakala,Infront of New Shiv Mandir Maulvi Bandh, Ambikapur, Thana & Tahshil-Ambikapur, Distt.-Surguja, Chhattisgarh



**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202305020700080**

विषयः- अ-6 मामले की श्रेणी-राजस्व
सनः- 2022-2023
नमनाकला प.ह.न.
00020(484/65(0.016)हे0)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- मीना कुमारी अग्रवाल
अनावेदक पक्षकार- मीना कुमारी अग्रवाल

**ईश्तहार**

आवेदक मीना कुमारी अग्रवाल पति अशोक कुमार अग्रवाल निवासी नमनाकला अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम नमनाकला ,तहसील अम्बिकापुर स्थित खसरा नंबर 484/65 रकबा 0.016 हे0 भूमि को पंजीबद्ध सुधार पत्र के आधार पर चौहदी सुधार किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जो ई-नामांतरण पोर्टल से ई-कोर्ट में प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 09/06/2023 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16/05/2023 को जारी किया जाता है।

सील तहसीलदार
सरगुजा (अम्बिकापुर)



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अम्बिकापुर, जिला सरगुजा,छ.ग.**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. /अ-2/2022-23

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बिना अग्रवाल पत्नी पुरूषोत्तम अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी ग्राम/नगर नवापारा तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम अम्बिकापुर तहहसील अम्बिकापुर खसरा नंबर 4362/12 रकबा 0.048 हे0 भूमि को कृषि भिन्न, व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए बी-1,खसरा, रजिस्ट्री की प्रति आदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपित्त हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 02/06/2023 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17/05/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्रा से जारी।

सील अनुविभागीय अधिकारी
(रा0) अम्बिकापुर



**न्यायालय तहसीलदार दरिमा ,जिला-सरगुजा छ0ग0**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. /अ-6/2022-23

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक थ्योदोर आ0 मर्सेल के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम बड़ादमाली तहसील दरिमा स्थित भूमि खसरा क्रमांक 4/80, 314/2, 339/2, 347/2 कुल रकबा 0.311 हे0 भूमि है। राजस्व अभिलेखों में त्रृटिवंश थोयोवोर आ0 माढेल अंकित हो गया है जबकि आवेदिका का वास्तविक नाम थ्योदोर आ0 मर्सेल है। आवेदक के द्वारा राजस्व अभिलेखों में हुए उक्त त्रुटि को सुधार करते हुए थोयोवोर आ0 माढेल के स्थान पर थ्योदोर आ0 मर्सेल दर्ज किये जाने हेतु न्यायालय में पेश किया गया है, जो न्यायालय में विचारधीन है। उक्त संबंध मेंयदि किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपतित हो तो अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 07/06/2023 तक न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/04/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील तहसीलदार
दरिमा सरगुजा(छ0ग0)



**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202304020700245**

विषयः- अ-6 मामले की श्रेणी-राजस्व
सनः- 2022-2023
अम्बिकापुर प.ह.न.
00015(2500/6(0.0100)हे0)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- मुस्तकीम आलम
अनावेदक पक्षकार- साबीर अली

**ईश्तहार**

आवेदक मुस्तकीम आलम पिता मो0 साबिर अली निवासी मोमिनपुरा वार्ड नंबर 40, अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम अम्बिकापुर,तहसील अम्बिकापुर स्थित खसरा नंबर 2500/6 रकबा 0.020 हे0 मे से रकबा 0.010 हे0 भूमि को दानपत्र के आधार पर नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जो ई-नामांतरण पोर्टल से ई-कोर्ट में प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 22/05/2023 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04/05/2023 को जारी किया जाता है।

सील तहसीलदार
सरगुजा (अम्बिकापुर)


CMYK

# आरसीबी को प्लेऑफ का दावा मजबूत करने के लिए एसआरएच के खिलाफ करनी होगी जीत दर्ज

**हैदराबाद,17 मई 2023।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 में गुरुवार को यहां जब सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ अहम मुकाबले के लिए मैदान पर उतरेगी तो उसकी नजरें प्लेऑफ में जगह बनाने के साथ भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली के प्रदर्शन पर होगी। आरसीबी इस समय 12 मैचों में इतने ही अंकों के साथ पांचवें स्थान पर है। उसे प्लेऑफ में जगह पक्की करने के लिए बचे हुए दोनों मैच जीतने होंगे। एसआरएच के नाम 12 मैचों में आठ अंक है और टीम खिताब की दौड़ से बाहर हो गयी है। कप्तान फाफ डुप्लेसी के साथ कोहली आरसीबी के लिए इस सत्र में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों में से एक हैं, लेकिन लगातार दो मैचों में विफलता (राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 18 और मुंबई इंडियंस के खिलाफ एक रन) के बाद यह दिग्गज खिलाड़ी एसआरएच के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर टीम को जीत दिलाने की कोशिश करेगा।

डुप्लेसी 12 मैचों में 57.36 के औसत से 631 रन के साथ मौजूदा सत्र में अब तक लीग के शीर्ष स्कोरर है। कोहली इस मामले में टीम के दूसरे सबसे सफल बल्लेबाज है। उन्होंने 39.81 की औसत और छह अर्धशतकों की मदद से 438 रन बनाये है। कोहली की बल्लेबाजी में हालांकि निरंतरता की कमी रही है और वह तेजी से रन बनाने के मामले में जूझते दिखे है। इन दोनों के अलावा टीम को ग्लेन मैक्सवेल से भी काफी उम्मीद होगी। मैक्सवेल ने मौजूदा सत्र में पांच अर्धशतकीय पारियां खेली है। इन तीनों के अलावा टीम के अन्य बल्लेबाज लगातार



अच्छा करने में विफल रहे है।

टीम पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 112 रन की बड़ी जीत दर्ज करने के बाद आत्मविश्वास से भरी होगी। इस मैच में डुप्लेसी और मैक्सवेल की अर्धशतकीय पारियों से आरसीबी ने पांच विकेट पर 171 रन बनाने के बाद वेन पार्नेल (10 रन पर तीन विकेट), माइकल ब्रेसवेल (16 रन पर दो विकेट) और कर्ण शर्मा (19 रन पर दो विकेट), मोहम्मद सिराज (10 रन पर एक विकेट) की उम्दा गेंदबाजी से राजस्थान की पारी को 10.3 में सिर्फ 59 रन पर समेट दिया था। गेंदबाजी के मोर्चे पर पार्नेल, सिराज और ब्रेसवेल पर फिर से अच्छा करने की जिम्मेदारी होगी। एसआरएच टूर्नामेंट से बाहर होने वाली दूसरी टीम बनने के बाद आत्मसम्मान के लिए खेलेगी।

टीम अपने बाकी दो मैचों में जीत दर्ज करके अपने प्रशंसकों को खुश होने का मौका देना चाहेगी। टीम इस सत्र में बल्लेबाजी और गेंदबाजी विभाग दोनों में ही विफल रही है। बल्लेबाजी में हेनरिच क्लासेन और कुछ हद तक राहुल त्रिपाठी के अलावा कोई भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सका। कप्तान एडेन मार्कराम के खराब फॉर्म ने टीम की मुश्किलें और बढ़ा दी। हैरी ब्रूक शुरुआती मैचों के प्रदर्शन को जारी नहीं रख सके जबकि मयंक अग्रवाल बुरी तरह से विफल रहे। भुवनेश्वर कुमार (14 विकेट) और मयंक मार्कंडेय (12 विकेट) के अलावा टीम के अन्य गेंदबाजों ने निराश किया।

टीमें- रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर- फाफ डुप्लेसी (कप्तान), आकाशदीप, फिन एलेन, अनुज रावत, अविनाश सिंह, मनोज भांडगे, माइकल ब्रेसवेल, वानिंदु हसरंगा, दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), सिद्धार्थ कौल, विराट कोहली, महिपाल लोमरोर, ग्लेन मैक्सवेल, मोहम्मद सिराज, वेन पार्नेल, हर्षल पटेल, सुयश प्रभुदेसाई, राजन कुमार, शाहबाज़ अहमद, कर्ण शर्मा, हिमांशु शर्मा, सोनू यादव, विजयकुमार वैशाख, केदार जाधव। सनराइजर्स हैदराबाद एडेन मार्कराम (कप्तान), अब्दुल समद, राहुल त्रिपाठी, ग्लेन फिलिप्स, अभिषेक शर्मा, मार्को यानसन, फजलहक फारूकी, कार्तिक त्यागी, भुवनेश्वर कुमार, टी. नटराजन, उमरान मलिक, हैरी ब्रूक, मयंक अग्रवाल, हेनरिक क्लासेन, आदिल राशिद, मयंक मारकंडे, विवरांत शर्मा, समर्थ व्यास, संवीर सिंह, उपेंद्र यादव, मयंक डागर, नीतीश कुमार रेड्डी, अकील होसेन और अनमोलप्रीत सिंह। मैच भारतीय समयानुसार शाम 7.30 बजे शुरू होगा।

## आयरलैंड टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीम घोषित

**» बेयरस्टो की वापसी, फॉक्स आउट**

**लंदन,17 मई 2023।** इंग्लैंड ने आयरलैंड के खिलाफ लॉर्डस में 1 जून से शुरू होने वाले एकमात्र टेस्ट के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की, जिसमें बेन स्टोक्स टीम की अगुवाई करेंगे और ओली पोप उप-कप्तान होंगे।

विकेटकीपर-बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो की वापसी से इंग्लैंड को मजबूती मिलेगी, जो पिछले साल अगस्त से गोल्फ दुर्घटना के बाद से बाएं पैर में फ्रैक्चर और टखने की हड्डी टूटने के कारण बाहर हो गए थे।

बेयरस्टो की टीम में वापसी के साथ बेन फॉक्स को टीम से बाहर कर दिया गया है। अपनी दाहिनी कोहनी में तनाव फ्रैक्चर की पुनरावृत्ति के साथ शेष गर्मियों के लिए बाहर होने के बाद जोफ्रा आर्चर भी गायब होंगे।



वापसी करने वाले तेज गेंदबाज मार्क वुड और क्रिस वोक्स हैं, जो मार्च 2022 के बाद पहली बार टेस्ट टीम में वापस आ रहे हैं और अगर चुने जाते हैं, तो यह पिछले दो वर्षों में घरेलू धरती पर उनका पहला टेस्ट होगा।

इंग्लैंड के लिए एक और सकारात्मक पक्ष जेम्स एंडरसन को शामिल करना है, जो समरसेट के खिलाफ लंकाशायर के काउंटी संघर्ष के शुरूआती दिन गेंदबाजी करते हुए चोटिल हो गए थे। ईसीबी ने कहा था कि वे आयरलैंड टेस्ट से पहले उनकी फिटनेस का आकलन करेंगे और उनका टीम में शामिल होना मेजबानों के लिए अच्छा संकेत है।चार दिवसीय टेस्ट 1 से 4 जून तक लॉर्डस क्रिकेट ग्राउंड, लंदन में खेला जाएगा और यह दोनों देशों के बीच केवल दूसरा टेस्ट होगा। दिलचस्प बात यह है कि 2019 में खेला गया पहला मैच भी चार दिन का था, जिसे इंग्लैंड ने 143 रन से जीता था।ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 16 जून से शुरू होने वाली घरेलू एशेज के साथ, इंग्लैंड अपने चिर-प्रतिद्वंद्वी का सामना करने से पहले कुछ खेल समय पाने की उम्मीद कर रहा होगा।

इंग्लैंड टीम : बेन स्टोक्स (कप्तान), जेम्स एंडरसन, जोनाथन बेयरस्टो, स्टुअर्ट ब्रॉड, हैरी ब्रूक, जैक क्रॉली, बेन डकेट, डैन लॉरेंस, जैक लीच, ओली पोप, मैथ्यू पॉट्स, ओली रॉबिन्सन, जो रूट, क्रिस वोक्स, मार्क वुड

## शॉटपुट खिलाड़ी तूर,भाला फेंक में रानी ने स्वर्ण जीता

**नई दिल्ली,17 मई 2023।** एशियाई खेलों के मौजूदा चैम्पियन शॉटपुट खिलाड़ी तेजिंदरपाल सिंह तूर और राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता भालाफेंक खिलाड़ी अन्नु रानी ने फेडरेशन कप सीनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के दूसरे दिन अपने अपने वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। तीस वर्ष की अन्नु हालांकि सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सकी और 59.24 मीटर का निशाना लगाया लेकिन वह आगामी एशियाई चैम्पियनशिप के लिये क्वालीफाई करने के लिये काफी था। उत्तर प्रदेश की अन्नु का सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत प्रदर्शन 63 . 82 मीटर है जो राष्टीय रिकॉर्ड भी है। जुलाई 12 से 16 तक होने वाली एशियाई चैम्पियनशिप में क्वालीफाइंग स्तर 54 . 73 मीटर है जबकि हांगझोउ खेलों के लिये यह 56 . 46 मीटर है।

एशियाई रिकॉर्डधारी तूर ने 20 . 42



मीटर के साथ स्वर्ण जीता। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 21 . 49 मीटर है। पंजाब के तूर ने 19 मीटर का एशियाई खेल क्वालीफाइंग मार्क पार किया। दिल्ली के साहिब सिंह और पंजाब के करणवीर सिंह ने भी 19 मीटर की बाधा पार की। ओडिशा की स्रबानी नंदा ने महिलाओं की 100 मीटर दौड़ 11 . 57 सेकंड में जीती हालांकि एशियाई चैम्पियनशिप का क्वालीफाइंग आंकड़ा 11 . 44 सेकंड पार नहीं कर सकी। पुरूष वर्ग में ओडिशा के अमिय कुमार मलिक विजयी रहे जिन्होंने 10 . 31 सेकंड का समय निकाला। एशियाई चैम्पियनशिप और एशियाई खेलों के लिये क्वालीफाइंग आंकड़ा 10.19 सेकंड है। महिलाओं की 400 मीटर में महाराष्ट की ऐश्वर्य मिश्रा विजयी रही जबकि पुरूष वर्ग में तमिलनाडु के रमेश ने खिताब जीता। दोनों ने एशियाई चैम्पियनशिप के लिये क्वालीफाई कर लिया।

## जोकोविज ने इटालियन ओपन क्वार्टर फाइनल में पहुंचे के बाद नॉरी पर लगाया बुरे बर्ताव का आरोप

**रोम ,17 मई 2023।** नोवाक जोकोविच ने इटालियन ओपन टेनिस में कैमरून नॉरी के खिलाफ 6-3 6-4 की जीत दर्ज कर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की करने के बाद ब्रिटेन के इस खिलाड़ी के खिलाफ मैच के दौरान खेल भावना के विपरीत आचरण करने का आरोप लगाया। सर्बिया के इस खिलाड़ी ने लगातार 17वीं बार इस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के बाद कहा कि नॉरी ने इस मुकाबले में कई बार बुरा बर्ताव किया। मैच के दूसरे सेट में जोकोविज के अंक गंवाने के बाद भी नॉरी ने गेंद पर प्रहार किया जो 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैम्पियन के पिंडलियों में जाकर लगी। जोकोविच ने इस बात को भी मुद्दा बनाया कि नॉरी ने मैच खत्म होने से ठीक पहले 'मेडिकल टाइम आउट' लिया।

जोकोविच ने कहा, '' जब उसका शॉट मुझे लगा तब मैंने भी रिप्ले देखा था। शायद आप कह सकते हैं कि उसने मुझे जानबूझकर नहीं मारा।'' उन्होंने कहा, '' यह सिर्फ इसी घटना के बारे में नहीं था। मैच के शुरू होने के साथ ही वह सब कुछ कर रहा था जिसकी अनुमति (लेकिन वह खेल भावना के खिलाफ था) थी। उसे मेडिकल टाइम आउट लेने की अनुमति है। उसे एक खिलाड़ी को गेंद से मारने की करने की अनुमति है। उसे हर अंक के बाद प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी को निशाना बनाकर कुछ कहने



की अनुमति है।'' उन्होंने कहा, '' एक खिलाड़ी के तौर पर हम जानते है कि यह खेल भावना नहीं है।''

महिला वर्ग में दो बार की गत विजेता इगा स्वियातेक ने डोना वेकिक को 6-3 6-4 से हराया और अगले मुकाबले में उनके सामने विंबलडन चैंपियन एलिना रायबाकिना की चुनौती होगी। पाउला बडोसा ने करोलिना मुचोवा को 6-4 6-7 6-2 से हराया। वह अगले दौर में 2017 फ्रेंच ओपन चैंपियन येलेना ओस्टापेंको का सामना करेंगी। पुरुषों के अन्य मुकाबलों में स्थानीय खिलाड़ी यानिक सिनर को फ्रांसिस्को सेरुंडोलो ने 6-7 6-2 6-2 हराया। अगले दौर में वह कैस्पर रुड के खिलाफ खेलेंगे। रूड ने लास्लो जेरे को 6-1 6-3 से हराया। डेनियल मेदवेदेव ने 2017 के चैंपियन अलेक्जेंडर ज्वेरेव पर 6-2 7-6 की जीत दर्ज की। रूस के मेदवेदेव ने जर्मनी के खिलाड़ी पर साल की तीसरी सफलता है। सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए वह जर्मनी के क्वालीफायर यानिक हॉफमैन से खेलेंगे। हॉफमैन ने मोंटे कार्लो चैंपियन आंद्रे रुबलेव को 7-6 4-6 6-3 से हराकर उलटफेर किया। स्टेफानोस सितसिपास ने सोमवार से शुरू हुए निलंबित मैच में लोरेंजो सोनेगो को 6-3 7-6 से शिकस्त देने के बाद आधा रात (स्थानीय समय) के करीब शुरू हुए मैच में लोरेंजो मुसेटी को 7-5 7-5 से हराया।

## फिर भिड़ने जा रही है भारत और पाकिस्तान की टीमें

**इस बार क्रिकेट का नहीं फुटबॉल का होगा मैदान**

**नयी दिल्ली ,17 मई 2023।** भारत और पाकिस्तान की फुटबॉल टीम लगभग पांच साल बाद आपस में भिड़ती नजर आएंगी क्योंकि दोनों पड़ोसी देशों को बेंगलुरू में 21 जून से चार जुलाई तक होने वाले सैफ कप के लिए समान ग्रुप में रखा गया है। दक्षिण एशियाई फुटबॉल महासंघ (सैफ) कप के 14वें टूर्नामेंट का ड्रॉ बुधवार को यहां हुआ जिसमें गत चैंपियन भारत, पाकिस्तान, कुवैत और नेपाल को ग्रुप ए में जगह मिली जबकि लेबनान, मालदीव, बांग्लादेश और भूटान को ग्रुप बी में रखा गया है। ग्रुप मुकाबले राउंड रोबिन प्रारूप के आधार पर खेले जाएंगे और प्रत्येक ग्रुप में शीर्ष पर रहने वाली दो टीम सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी। आठ देशों का यह टूर्नामेंट कांतीर्वा स्टेडियम में खेला जाएगा। टूर्नामेंट को और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए दक्षिण एशिया से बाहर के दो देशों लेबनान और कुवैत को प्रतियोगिता में खेलने के लिए आमंत्रित किया गया है। लेबनान 99वें स्थान के साथ टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाली टीम है। पाकिस्तान की रैंकिंग 195वें स्थान के साथ सबसे खराब है। भारत 101वें स्थान के साथ दूसरी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाली टीम है।



भारत और पाकिस्तान की टीम पिछली बार ढाका में सैफ कप के 12वें सत्र के दौरान सितंबर 2018 में आपस में भिड़ी थी। भारत ने यह मैच 3-1 से जीता था लेकिन फाइनल में उसे मालदीव के खिलाफ 1-2 से हार का सामना करना पड़ा था। भारत और पाकिस्तान ने आधिकारिक तौर पर कुल मिलाकर 20 से अधिक अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं। इनमें भारत ने दबदबा बनाते हुए एक दर्जन से अधिक मैच जीते हैं। भारत ने आठ बार सैफ कप का खिताब जीता है जबकि चार बार वह उप विजेता रहा। भारत सिर्फ 2003 में ढाका में पांचवें सत्र के दौरान फाइनल में पहुंचने में नाकाम रहा था। तब टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया था।

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) को उम्मीद है कि पाकिस्तान के खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ को टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए वीजा मिल जाएगा। एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे ने ड्रॉ के बाद कहा, ''पाकिस्तान ने टूर्नामेंट में हिस्सा लेने की पुष्टि कर दी है इसलिए यहां ड्रॉ में उनका नाम है। दक्षिण एशिया क्षेत्र के सभी देशों को इस टूर्नामेंट में खेलने का अधिकार है।'' उन्होंने कहा, ''लेकिन वीजा जारी करना, टीम को सुरक्षा देना, ये किसी देश के फुटबॉल महासंघ के काम नहीं हैं। एआईएफएफ प्रशासन सरकार के संबंधित मंत्रालयों के साथ समन्वय करेगा और समय के साथ हमें जवाब मिलेगा।'' एआईएफएफ महासचिव शाजी प्रभाकरन ने पीटीआई से कहा कि पाकिस्तानी दल भारत की यात्रा के लिए वीजा का आवेदन कर चुका है और आवेदन से जुड़ी प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। प्रभाकरन ने कहा, ''हमें यहां कोई मुद्दा नजर नहीं आता। वे (पाकिस्तानी दल) पहले ही वीजा के लिए आवेदन कर चुके हैं और प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।''

## अक्षय ने फ्लॉप फिल्मों के बाद कसी कमर,वायुसेना अधिकारी बन दिखाएंगे बॉक्स ऑफिस पर दमखम




अक्षय कुमार की पिछली फिल्में बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही हैं। रक्षाबंधन से लेकर राम सेतु, सम्राट पृथ्वीराज और सेल्फी तक, उनकी किसी फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर पानी तक नहीं मांगा। हालांकि, अक्षय असफलता का रोना रोने वाले कलाकारों में शुमार नहीं हैं। यही वजह है कि अब वह जोर-शोर से अपनी अगली फिल्म स्काई फोर्स की शूटिंग में जुट गए हैं। इस फिल्म में वह भारतीय वायु सेना अधिकारी का किरदार निभाने वाले हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, अक्षय निर्देशक अली अब्बास जफर की जबरदस्त एक्शन ड्रामा फिल्म बड़े मियां छोटे मियां की शूटिंग खत्म करने के बाद ही स्काई फोर्स की शूटिंग में जुट गए थे। उन्होंने अपनी इस फिल्म का पहला शेड्यूल पूरा कर लिया है। इस एरियल एक्शन थ्रिलर फिल्म की शूटिंग 9 मई को शुरू हुई थी। इसे 6 दिन मुंबई स्टूडियो में शूट किया गया था। हालांकि, यह एक छोटा सा शूटिंग शेड्यूल था।

फिल्म का मुख्य शेड्यूल अगले महीने शुरू होगा और अक्टूबर 2023 तक जारी रहेगा। एक्शन से भरपूर इस थ्रिलर फिल्म को 4 महीने की अवधि में गुजरात, पंजाब, राजस्थान और असम के कई हवाई अड्डों पर बड़े पैमाने पर शूट किया जाएगा। अक्षय फिल्म में एक वायुसेना अधिकारी की भूमिका निभा रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, वर्दी में वह आकर्षक और अपनी इस फिल्म और किरदार को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त दिख रहे हैं।

स्काई फोर्स एक सच्ची घटना पर आधारित है। यह भारतीय वायु सेना की सबसे बड़ी जीत में से एक का जश्न मनाती है। दिनेश विजान इसके निर्माता हैं।

अक्षय पहली बार पायलट की भूमिका निभाएंगे। स्काई फोर्स उनकी इस साल शुरू हुई दूसरी फिल्म है।

फिल्म से जुड़े सूत्र ने एंटरटेनमेंट पोर्टल को बताया कि स्काई फोर्स अक्षय के करियर को पटरी पर लेकर आएगी। यह फिल्म उनका खोया हुआ स्टारडम वापस लाने में बड़ी मददगार साबित होगी। अक्षय एक बार फिर बॉलीवुड में बॉक्स ऑफिस के किंग बनकर उभरेंगे। वह इसे लेकर पूरी तरह से समर्पित हैं। अक्षय को पूरा यकीन है कि उनकी इस फिल्म से उन्हें बड़ी सफलता मिलेगी। वह अगले 4 महीने सिर्फ अपनी इसी फिल्म को देने वाले हैं।

अक्षय फिल्म ओह माय गॉड में भगवान कृष्ण का किरदार निभाने के बाद अब इसके सीक्वल ओएमजी 2 में भगवान शिव का किरदार निभा रहे हैं। सुपरस्टार सूर्या की सुपरहिट तमिल फिल्म सोरारई पोटरु के हिंदी रीमेक में भी अक्षय मुख्य भूमिका में हैं। हेरा फेरी 3 अक्षय के खाते से जुड़ी है। इसके अलावा फिल्म द ग्रेट इंडियन रेस्क्यू में वह काम कर रहे हैं। धर्मा प्रोडक्शंस की सी शंकरन नायक की बायोपिक के हीरो भी अक्षय ही हैं।



## स्टाइलिश बिकिनी पहन मौनी रॉय ने फ्लॉन्ट किए कर्वस,सिजलिंग अवतार देख पानी-पानी हुए फैंस

बॉलीवुड एक्ट्रेस मौनी रॉय आए दिन अपनी वेकेशन और स्टाइलिश लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर के सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा देती हैं। एक्ट्रेस हर बार अपनी बोल्ड फोटोज से लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी बिकिनी लुक्स की हॉट फोटोज इंटरनेट पर शेयर की हैं, जिसकी तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही हैं। बी-टाउन की खूबसूरत और जानी-मानी एक्ट्रेस मौनी रॉय इन दिनों इटली में अपना वेकेशन एन्जॉय कर रही हैं। वहीं से एक्ट्रेस मौनी रॉय अपनी लेटेस्ट हॉट फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर कर सोशल मीडिया पर आग लगा रही हैं। इन तस्वीरों में अभिनेत्री ने स्टाइलिश ब्लू और ग्रीन प्रिंटेड लुक में बिकिनी पहनी हुई है। मौनी रॉय अपने इस लुक में कैमरे के सामने अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट करते हुए हुस्न का दीदार करवा रही हैं। ओपन हेयर और ग्लैम मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने इस बिकिनी लुक को कंप्लीट किया है। उनकी इन तस्वीरों में हॉटनेस को देखकर फैंस का दिल मचल गया है। बताते चले कि एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टा पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर दिलखोलकर लाइक करते हैं। मौनी रॉय की इन तस्वीरों को पोस्ट किए कुछ ही घंटे हुए हैं और अब तक 3 लाख से भी ज्यादा यूजर्स के लाइक्स आ चुके हैं। एक्ट्रेस मौनी रॉय का स्टाइल आइकन हमेशा से ही ऑन टॉप रहा है। हालांकि फैंस भी उनके फैशन और ड्रेसिंग सेंस को काफी फॉलो करते हैं।

## गदर 2 की रिलीज में नहीं होगा कोई फेरबदल

पिछले दिनों इन खबरों ने जोर पकड़ा था कि फिल्म गदर 2 की रिलीज में बदलाव हो सकता है। दरअसल, चर्चा थी कि जवान की रिलीज को अगस्त तक के लिए टाल दिया गया है। बॉक्स ऑफिस पर गदर 2 के सामने पहले ही एनिमल मौजूद है। ऐसे में जवान के भी उसी दिन आने से इसकी कमाई प्रभावित होगी। हाल ही में निर्देशक अनिल शर्मा से उनकी फिल्म की रिलीज पर बात हुई तो उन्होंने इससे साफ इनकार किया। अनिल ने कहा, गदर 2 जनता की फिल्म है। यह उनकी भावना है। लिहाजा हम 11 अगस्त, 2023 को ही आ रहे हैं। वजह यह है कि लोग इसे चाहते हैं। यह कोई फिल्म नहीं है, यह एक इमोशन है। ऐसे में हम बिल्कुल भी अपनी तारीख से हिलने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा, फिलहाल हम अपनी इस फिल्म के पोस्ट प्रोडक्शन में व्यस्त हैं और 11 अगस्त को आने की तैयारी कर रहे हैं।



# ईडी के लोग मारपीट-दुर्व्यवहार-खाना नहीं देना-सोने नहीं देना,यही कर रहे हैं

## ईडी की कार्रवाई पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जमकर भड़ास निकाली

**रायपुर,17 मई2023(ए)।** छत्तीसगढ़ में 2000 करोड़ के कथित शराब घोटाले में ईडी की कार्रवाई पर सीएम भूपेश बघेल ने बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के अधिकारी-कर्मचारियों के साथ ईडी के लोग दुर्व्यवहार कर रहे हैं। उनसे मारपीट कर रहे हैं। खाना नहीं दे रहे हैं। सोने नहीं दे रहे हैं। थर्ड डिग्री टॉर्चर कर रहे हैं। यह गलत है। उनके कारण सभी विभागों का कार्य प्रभावित हो रहा है। भाजपा का जो मूल उद्देश्य है, उसकी पूर्ति ईडी कर रही है।




### सरकार को काम नहीं करने देना चाहते

राजधानी में मीडिया से बातचीत के दौरान सीएम ने कहा कि छत्तीसगढ़ में सरकार अच्छा काम कर रही है। आप लोग भी समाज के बीच 24 घंटे रहते हैं। समाज का कौन सा वर्ग है, जो हमारी सरकार से नाराज है? किसान, मजदूर, आदिवासी, महिला, अनुसूचित जाति के लोग हों, व्यापारी हों, उद्योगपति ऐसा कौन सा वर्ग है, जो सरकार से नाराज हैज सरकार से सभी खुश हैं। इन साढ़े चार सालों में कोरोना होने के बाद भी कभी किसी को यह नहीं लगा कि सरकार हमारे साथ खड़ी नहीं है। हर वर्ग को लगता है कि हमारी सरकार है और हमारे लिए काम कर रही है।

ऐसे में भाजपा का एजेंडा है कि सरकार को काम करने मत दो, सरकार को बदनाम करो। इस प्रकार के रवैए के कारण ही सुप्रीम कोर्ट ने फटकार लगाई है, क्योंकि वे तो निरंकुश हो गए हैं। अब उसके बाद भी नहीं सुधरे तो सुप्रीम कोर्ट तो है ही, देख रहा है। इस प्रकार जो अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर काम कर रहे हैं। कल कपिल सिब्बल साहब ने कोर्ट में अच्छी बात कही कि चुनाव आ रहा है, इसलिए ऐसी हरकत कर रहे हैं।

### पीट-पीट के उनसे जबर्दस्ती बोलवाया जा रहा

अभी जो शराब के मामले में ईडी जांच कर रही है, आईटी ने 2020 में कर ली थी। सारे लोगों के बयान ले लिए थे। उसमें कुछ हुआ नहीं। अब उसी वाट्सएप को लेकर, उन्हीं लोगों को पकड़कर पीट-पीट के उनसे जबर्दस्ती बोलवाया जा रहा है। एक आदमी यदि दबाव में आ गया और आपका नाम ले दिया, किसी का भी नाम ले लिया तो चूंकि उन्होंने कहा है, इसलिए आपके पास पहुंच गए। आप किसी और का नाम ले दें तो उसके पास पहुंच गए। अच्छा हुआ कि किसी ने भाजपा नेताओं का नाम नहीं लिया, फिर पता नहीं क्या करते?



# सीसीएम मेडिकल कॉलेज के इस बैच की डिग्री को एनएमसी की मान्यता नहीं

**» हाईकोर्ट ने जारी किया नोटिस**

**बिलासपुर ,17 मई 2023 (ए)।** दुर्ग में संचालित चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल कॉलेज के 2016-17 बैच के छात्रों की याचिका पर हाई कोर्ट ने नेशनल मेडिकल कमीशन , केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव, राज्य के स्वास्थ्य सचिव, डायरेक्टर छत्तीसगढ़ मेडिकल एजुकेशन आयुष यूनिवर्सिटी छत्तीसगढ़ नेशनल टेस्टिंग एजेंसी और चंदूलाल चंद्राकार मेमोरियल मेडिकल कॉलेज प्रबंधन को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने कहा है।

ज्ञात हो नेशनल मेडिकल कमीशन ने सन् 2022 में एमबीबीएस और इंटर्नशिप पूरा करने वाले छात्रों की डिग्री को मान्यता नहीं दी है, जबकि छत्तीसगढ़ मेडिकल कमीशन ने डिग्री को मान्यता देते हुए उन्हें रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट भी दे दिया था। इन सभी छात्र-छात्राओं का एडमिशन 2016-17 के बैच में हुआ था। एनएमसी से मान्यता नहीं मिलने के कारण वे नीट पीजी 2023 की परीक्षा में उत्तीर्ण होने के बावजूद पोस्ट ग्रेजुएशन के लिए काउंसलिंग में भाग लेने से वंचित रह गए। इसके पूर्व के सभी बैच को नेशनल मेडिकल कमीशन मान्यता दे चुकी है।

इस मामले में प्रभावित मेडिकल छात्र शुभम गुप्ता और वंशिका वर्मा ने इसे लेकर अधिवक्ता मतीन सिद्दीकी और हर्षमंदर रस्तोगी के माध्यम से याचिका दायर की थी, जिस पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस राकेश मोहन पांडे की बेंच ने संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई 14 जून को होगी।

# शोक-संतप्त परिवार को मुख्यमंत्री ने दिया 44 लाख रुपये की सहायता राशि का चेक

**» शोक-संतप्त परिवार से मिलने सोरम पहुँचे सीएम बघेल,**

**» सड़क हादसे में 11 लोगों की हुई थी मौत,**

**धमतरी,17मई2023(ए)।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल धमतरी जिले के शोक-संतप्त साहू एवं ध्रुव परिवार से मिलने ग्राम सोरम पहुँचे। मुख्यमंत्री ने मृतकों के पैतृक ग्राम सोरम, धमतरी में साहू परिवार के परिजन सुरुज बाई साहू, राहुल, अतुल ,सभ्या ,जयांश और परिवार से मिलकर सांत्वना दी एवं मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। ततपश्चात यहां ध्रुव परिवार के विदेशी ध्रुव ,इन्द्रवतीन बाई, धर्मेन्द्र व रोशनी ध्रुव से मिलकर उन्हें सान्तवना दी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मृतक साहू परिवार के पुत्र राहुल साहू को 4-4 लाख रुपए सहायता राशि के मान से 40 लाख रुपये एवं ध्रुव परिवार के विदेशी राम ध्रुव को 4 लाख रुपये की राशि का चेक प्रदान किया। इस तरह 11 मृतकों के परिवार को कुल 44 लाख रुपये की सहायता राशि का चेक दी गयी। विदित है कि सोरम के साहू परिवार के 10 सदस्य और ध्रुव परिवार के 1 सदस्य की चारामा-जगतरा के बीच गत 3 मई को सड़क हादसा में मृत्यु हो गई थी ।बालोद जिले के पुरूर और चारामा के बीच बालोदगहन के पास शादी कार्यक्रम में जा रही बोलेरो और ट्रक के बीच भिड़ंत से यह दुःखद घटना घटी थी। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिवारजनों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश जिला प्रशासन के अधिकारियों को दिए थे। साथ ही उन्होंने इस घटना में मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की घोषणा की थी।



### ईडी की जांच को लेकर गुरुचरण की तबियत बिगड़ी

**रायपुर,17 मई2023(ए)।** ईडी की जांच के घेरे में आए छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के सचिव गुरुचरण सिंह होरा बीमार पड़ गए हैं। उन्हें देवेंद्र नगर स्थित एक निजी नर्सिंग होम में दाखिल कराया गया है। बताया गया कि ईडी शराब घोटाला केस में गुरुचरण सिंह होरा से दो बार लंबी पूछताछ कर चुकी है। उनसे दो बार 5 घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की गई। ईडी ने शराब घोटाला केस के मुख्य आरोपी अनवर ढेबर को गुरूचरण के होटल से गिरफ्तार होना बताया है। इसके बाद गुरुचरण को ईडी ने तलब किया था।



सूत्र बताते हैं कि लगातार घंटों की पूछताछ के बाद गुरुचरण की तबियत बिगड़ गई। इसके बाद उन्हें देवेंद्र नगर स्थित निजी नर्सिंग होम में दाखिल कराया गया है। कहा जा रहा है कि उनका ब्लड प्रेशर, और शुगर काफी बढ़ा हुआ था। अभी उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

# रायपुर मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की 50 सीटें बढ़ी

**रायपुर,17 मई2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ राज्य के सबसे पुराने पं.जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर में एम.बी.बी.एस. प्रवेश की संख्या में 50 सीटों की वृद्धि की गयी है। इस शैक्षणिक सत्र 2023-24 से स्नातक चिकित्सा शिक्षा में प्रवेश संख्या 150 से बढ़ाकर 200 हो गयी है।



नेशनल मेडिकल कमीशन से इस संबंध में लेटर ऑफ परमिशन भी दिया जा चुका है। इस हेतु संस्था ने एन.एम.सी. को आवेदन किया था, जिसके परिपालन में एन.एम.सी. के निरीक्षण दल ने महाविद्यालय के फैकेल्टी, अधोसंरचना, अस्पताल और अन्य चिकित्सा शिक्षण आवश्यकताओं का सूक्ष्म निरीक्षण किया था। एमबीबीएस के 200 सीटों के निर्धारित मापदंडों पर इस महाविद्यालय को खरा पाने की स्थिति में एन.एम.सी. ने सीटों में वृद्धि के लिये अनुमति प्रदान की है। उल्लेखनीय है कि इन 200 सीटों के अलावा आर्थिक कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों के लिये 30 सीट्स अतिरिक्त होंगी, जिन्हें बढ़ाकर 50 करने के लिये भी एन.एम.सी. को पत्र प्रेषित किया गया है।

सन् 1963 में 60 वर्ष पूर्व पं.जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर 60 एम.बी.बी.एस. प्रवेश संख्या से प्रारंभ हुआ था। 1976 में यह संख्या 100 हुई थी जो 2009 में बढ़ाकर 150 की गई। 50 सीटों की वर्तमान बढ़ोत्तरी प्रदेश के होनहार विद्यार्थियों के लिये वरदान साबित होगी और प्रदेश में चिकित्सकों की कमी को दूर करने में महत्वपूर्ण कदम मानी जायेगी।

150 स्नातकोत्तर (एम.डी/ एम.एस.) और 3 विषयों में सुपरस्पेशियलिटी (एम.सी.एच.) पाठ्यक्रमों के साथ पं.जवाहर लाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय छत्तीसगढ़ प्रदेश का सर्वोत्तम, सबसे बड़ा और सबसे पुराना चिकित्सा शिक्षा संस्थान है।

### चीफ जस्टिस प्रशांत मिश्रा की सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के लिए अनुशंसा



**रायपुर ,17 मई 2023(ए)।** सुप्रीम कोर्ट कॉलिजियम ने आंध्र प्रदेश के चीफजस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा को सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के पद के लिए अपनी अनुशंसा की है। जस्टिस मिश्र आंध्र प्रदेश जाने से पहले छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में जस्टिस रह चुके हैं। वे 13 अक्टूबर-22 को एपी के सीजे नियुक्त किए गए।

# मुख्यमंत्री बघेल ग्राम भटगांव में की ये महत्वपूर्ण घोषणाएं

**रायपुर,17 मई 2023(ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज अपने प्रदेशव्यापी भेंट-मुलाकात अभियान के तहत धमतरी विधानसभा के अन्तर्गत ग्राम भटगांव और सोरम के सरहद पर स्थित चन्द्र मौली माता मंदिर पहुंचे। उन्होंने माता की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।




मुख्यमंत्री श्री बघेल ने इस अवसर पर मंदिर परिसर में वृक्षारोपण भी किया। मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में कदम का पौधा लगाया। इस अवसर पर विधानसभा क्षेत्र सिहावा की विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव, सिविल सप्लाइज कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष श्री रामगोपाल वर्मा, जिला पंचायत धमतरी अध्यक्ष श्रीमती कांति सोनवानी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के स्वागत में उन्हें बांस की टोकरी और सूपा की माला पहनाई गई। यह माला विशेष रूप से बनाई गई है, जिसमें बांस से बनी छोटी-छोटी सूपा, टुकनी का उपयोग किया गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को लकड़ी से बनी भगवान शंकर की प्रतिमा भेंट की गई।

स्वामी आत्मानंद स्कूल की छात्रा प्रियांशी मिश्रा ने हाल ही में 12वीं परीक्षा में फर्स्ट डिवीज़न में पास की है। प्रियांशी ने मुख्यमंत्री को स्वामी आत्मानंद स्कूल खोलने के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि इससे बच्चों को बहुत सारी सुविधाएं मिल गई हैं। प्रियांशी ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि बच्चे उनके सामने गाना गाना चाहते हैं, मुख्यमंत्री ने आग्रह स्वीकार किया और गाना गाने के लिए कहा- बच्चों ने छत्तीसगढ़ी में गीत गाया और मुख्यमंत्री खुद को तालियां बजाने से नहीं रोक पाए। बच्चे गाते रहे मुख्यमंत्री प्रोत्साहन में ताली बजाते रहे।

### महत्वपूर्ण घोषणाएं

- आमदी में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोला जायेगा।
- ग्राम पंचायत भटगांव के औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र का नामकरण स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. मनराखन देवांगन के नाम पर किया जायेगा।
- ग्राम तुमराबहार व देवपुर में उप स्वास्थ्य केन्द्र खोला जायेगा।
- ग्राम मोंगरागहन में जिला सहकारी बैंक की शाखा खोली जायेगी।
- . ग्राम पंचायत भटगांव के मौली माता मंदिर का जीर्णोद्धार व विभिन्न निर्माण कार्य कराया जायेगा, सड़क निर्माण कार्य भी कराया जाएगा।
- ग्राम देवपुर के हाई स्कूल का हायर सेकेण्डरी में उन्नयन किया जायेगा।
- . विधानसभा क्षेत्र के आत्मानंद स्कूलों में आवश्यक निर्माण व मरम्मत कार्य कराया जायेगा।
- भटगांव गौठान में प्राकृतिक पेंट इकाई स्थापना के लिये मशीनरी व उपकरण क्रय किये जायेंगे।
- महानदी मुख्य नहर के आरडी 390 से 1000 मीटर तक एवं आरडी 1000 मीटर से 15000 मीटर तक लाइनिंग एवं मरम्मत कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति दी जायेगी।
- . भोयना जलाशय के बांध एवं नहरों का जीर्णोद्धार कार्य, सी.सी. लाइनिंग एवं पक्के संरचनाओं का निर्माण कार्य कराया जायेगा।
- मोंगरागहन व्यपवर्तन के बियर, गेट एवं नहरों का मरम्मत कार्य कराया जायेगा।

### भीषण गर्मी से लोग बेहाल

**» कई जिलों में 40 डिग्री के पार पहुंचा पारा**

**रायपुर,17 मई 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ में लगातार गर्मी में वृद्धि हो रही है। प्रदेश में दिन का तापमान 40 डिग्री के पार जा चुका है। धुप और उमस ने लोगो को परेशान कर दिया है। वहीं रात का पारा 25 डिग्री के करीब रिकॉर्ड किया गया है। मंगलवार को पारा 42 डिग्री से ज्यादा रहा। प्रदेश में आ रही शुष्क हवा के कारण मौसम गर्म हो रहा है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में अभी और गर्मी बढ़ेगी। अधिकतम व न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी के साथ ही उमस में लगातार वृद्धि होती जा रही है।



जिलों की बात करें तो सबसे ज्यादा गर्म जिला जांजगीर जिला है। जहां का तापमान 45.4 डिग्री सेल्सियस है। वहीं राजनांदगांव का तापमान 42.9 डिग्री, मुंगेली का 44.8, दुर्ग का 43.6, रायगढ़ का 43.8 डिग्री सेल्सियस है. इधर रायपुर का तापमान 42.8, बिलासपुर का 42.2, जगदलपुर का 38 डिग्री, दंतेवाड़ा 41.9, बस्तर 41 , बिजापुर 42 , कांकेर 41.3 , जशपुर 40.4, कोरिया 43.3, बलौदाबाजार 43.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

**16 जून तक छत्तीसगढ़ में मानसून की एंट्री**

मौसम विभाग के अनुसार इस वर्ष छत्तीसगढ़ में 16 जून को मानसून की एंट्री हो जाएगी।

# 8-10 युवकों ने लाठी-डंडे-तलवार से ताबड़तोड़ हमला कर युवक को उतारा मौत के घाट

**बिलासपुर ,17 मई 2023(ए)।** बिलासपुर में गैंगवार में एक युवक की जान चली गई। युवक को 8-10 युवकों ने घेरकर लाठी-डंडे व तलवार से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जिससे लहूलुहान हालत में युवक जमीन पर गिर पड़ा। उसे इलाज के लिए आसपास के लोगों ने अस्पताल पहुंचाया पर उसकी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। हत्या करने के बाद सभी आरोपी फरार हो गए हैं, जिनकी तलाश पुलिस कर रही है। मामला सिरगिट्टी थाना क्षेत्र का है।



मिली जानकारी के अनुसार सिरगिट्टी थाना क्षेत्र के चुचुहियापारा गणेश नगर निवासी 26 वर्षीय पवन सोनी उर्फ सोनू पिता सुरेश सोनी आज शाम घूमने निकला था। वह गणेश नगर में खड़ा था। तभी 8 से 10 लड़को ने उसे घेर लिया और लाठी डंडों तथा चाकू से उस पर हमला कर दिया। जिसमें बुरी तरह घायल व लहूलुहान होकर पवन जमीन पर गिर पड़ा। जिसके बाद उसे मरा समझ कर हमलावर युवक भाग खड़े हुए। आस पास के लोगो ने उसे अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण कर उसे मृत घोषित कर दिया।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार हमलावर युवक मोहल्ले के ही थे तथा पुरानी रंजिश के चलते हमला कर पवन उर्फ सोनू को मौत के घाट उतार दिया। सिरगिट्टी टीआई पौरुष पुर्रे ने बताया कि मृतक पवन सोनी के विरुद्ध भी पूर्व में मारपीट के अपराध थाना सिरगिट्टी में दर्ज है। हमलावर युवक अभी तक पुलिस के हाथ नही लग सके हैं। पुलिस उनकी तलाश में जुटी है। पिछले शनिवार को भी न्यायधानी के तारबाहर थाना क्षेत्र में आदतन अपराधी के गैंग ने छात्रनेता पर हमला कर दिया था जिसमे पुलिस ने दर्जन भर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### पीईटी और पीपीएचटी की प्रवेश परीक्षा 25 जून को

**रायपुर,17 मई 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023-24 में राज्य के व्यावसायिक पाठ्यक्रमों पी.ई.टी. और पी.पी.एच.टी. में प्रवेश परीक्षाओं के लिए परीक्षा कार्यक्रम निर्धारित किया है। पी.ई.टी. और पी.पी.एच.टी. में प्रवेश हेतु परीक्षा 25 जून को होगी। ऑनलाईन आवेदन आज से 8 जून तक लिए जाएंगे। त्रुटि सुधार की तिथि 9 जून से 11 जून तक निर्धारित की गई है। प्रवेश पत्र 19 जून को जारी किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुसार इन दोनों प्रवेश परीक्षाओं में छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासियों प्रतिभागियों से किसी भी प्रकार का परीक्षा शुल्क नहीं लिया जाएगा।

# बिना ट्रेड सर्टिफिकेट के सेकंड हेंड गाड़ियों की बिक्री

**» मारूति एचडीएन टू वैल्यू की दो दर्जन गाड़ियां जब्त**

**रायपुर,17 मई 2023(ए)।** परिवहन विभाग ने अवैध रूप से सेकेंड हैंड गाड़ियों की बिक्री करने के मामले में मारुति टू वैल्यू के खिलाफ कार्रवाई करते हुए करीब 34 गाड़ियां जब्त की हैं। जिसमें एचडीएन टू वैल्यू एजेंसी की गाड़ियां है। इनमें रायपुर के अलावा अन्य जिले जैसे-दुर्ग, महासमुंद, कोरबा समेत दूसरे जिलों की भी गाड़ियां शामिल है। परिवहन विभाग की यह तीसरी बड़ी कार्रवाई है।



**नए नियम का नहीं किया जा रहा पालन**

जिला परिवहन अधिकारी शैलाभ साहू ने बताया 1अप्रैल से नए नियम लागू होने के बाद परिवहन विभाग प्री ओन्ड व्हीकल के डीलर से ट्रेड सर्टिफिकेट लेने के लिये लगातार अपील कर रहा है, लेकिन कई डीलर बिना ट्रेड सर्टिफिकेट लिए ही गाड़ी बेच रहे हैं। ऐसे डीलर के खिलाफ गाड़ियां जब्त करने के साथ ही आगे की कार्रवाई की जा रही है। मारुति से पूर्व स्पर्श टू वैल्यू और एक अन्य एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 100 गाड़ियां जब्त की गई थी।

नए नियमों के तहत प्रदेश में एक अप्रैल से सेकेंड हैंड गाड़ियों की खरीदी-बिक्री के लिए परिवहन विभाग से डीलरशिप लाइसेंस लेना अनिवार्य किया गया है। इनमें सभी प्रकार के दुपहिया और चौपहिया वाहन शामिल हैं, मगर अधिकांश व्यवसाईयों ने अब तक परिवहन विभाग से ट्रेड सर्टिफिकेट नहीं लिया है। दरअसल जरुरी दस्तावेज नहीं होने के कारण व्यवसाईयों द्वारा मोहलत मांगी जा रही है। मगर आश्चर्य इस बात का है कि मारुति और स्पर्श ट्रू वैल्यू जैसे बड़े प्रतिष्ठान द्वारा भी अभी तक ट्रेड सर्टिफिकेट नहीं लिया है, जिसके चलते इनके खिलाफ कार्रवाई की गई है। माना जा रहा है कि दूसरे व्यवसाई भी जल्द ही कागजी खानापूर्ति करके परिवहन विभाग से सेकंड हैंड गाड़ियों की बिक्री की विधिवत अनुमति हासिल कर लेंगे।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)